नई दिल्ली
बुधवार 4 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 292
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 9.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकी निगाहें

एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी की नसीहत

# चुनावों में जीत से संतुष्ट न हों सांसद, जमीनी स्तर पर काम से मिलेगा मुकाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में बजट सत्र के बीच संसद परिसर में एनडीए सांसदों की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए संसदीय दल की बैठक में पहुंचे, जहां उनका खास स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से सदन में मौजूद रहने और चर्चा में हिस्सा लेने के लिए कहा। पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में बैठक की पीएम मोदी ने अध्यक्षता की। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर करते हुए सब्र का फल बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक 'बड़ा निर्णय' है, जिससे देश में सभी को लाभ होगा, और उन्होंने जोर देकर कहा

▶▶ शेष पेज 5 पर

**ट्रेड डील पर पीएम मोदी ने जताई खुशी**

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर कर सब्र का फल बताया



एनडीए संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी

### बैठक के बाद रिजिजू ने दी जानकारी

पीएम मोदी ने कहा कि गठबंधनजन-हितैषी नीतियों और कड़ी मेहनत से चुनाव जीत रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीए ने कहा कि उन्हें स्थानीय निकायों सहित चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छा काम जारी रखना चाहिए।

### व्यापार समझौते पर पीएम मोदी को किया सम्मानित

पीएम मोदी को एनडीए नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरे करने के लिए सम्मानित किया। रिजिजू बताया कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने और टैरिफ घटाने से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते संपन्न हुए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने

▶▶ शेष पेज 5 पर

### घटक दल के सांसद रहे मौजूद

बैठक में अध्यक्ष नितिन नवीन का भी औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिवसेना, जेडीएस और एनडीए के अन्य घटक दलों के सांसद बैठक में शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह भी थे।

विकसित भारत के लिए आत्मविश्वास जरूरी

## इसके सहारे असंभव को संभव बना सकेंगे

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में आत्मविश्वास की शक्ति पर बल देने वाला संस्कृत सुभाषितम साझा किया। आत्मविश्वास ही वह शक्ति है, जिसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में आत्मविश्वास की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए एक

▶▶ शेष पेज 5 पर

**ये श्लोक लिखा**

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए संस्कृत सुभाषितम- श्रीर्मङ्गलातप्रभवति प्रागल्भ्यात्सम्प्रवर्धते। दाक्ष्यात्तु कुरुते मूलं संयमात्प्रतितिष्ठति।। इसमें आत्मविश्वास, दक्षता और संयम को आधार बताया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी, बची जान



**मुंबई।** महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और भाजपा नेता पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में उड़ान से पहले ही खराबी का पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया है। पंकजा मंगलवार को जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए लातूर जा रही थीं। उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी।

### दिल्ली में होली व दिवाली पर मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए बड़ा ऐलान किया। सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को त्योहारों से पहले मुफ्त गैस सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जनकल्याणकारी सोच है।

पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने इस अभद्र आचरण के लिए कांग्रेस के 8 सांसदों को बजट सत्र की बाकी बची हुई कार्यवाही से किया निलंबित

# लोकसभा अध्यक्ष के आसन के सामने मेज पर खड़े होकर कांग्रेस सांसदों ने फाड़े पेपर, किया हंगामा...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार का दिन भारी हंगामे के नाम रहा। जिसके केंद्र में मूल रूप से भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर असमंजस और राष्ट्रपति अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को न बोलने देने जैसे दो मुद्दे रहे। दरअसल यह पूरा घटनाक्रम दोपहर तीन बजे के बाद तब घटा। जब करीब तीन बार स्थगन के बाद सदन की कार्रवाई की एक बार फिर से शुरुआत हुई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी राष्ट्रपति अभिभाषण पर पुनः बोलने के लिए खड़े हुए और उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में पूर्व सेनाप्रमुख जनरल एम.एम. नरावणे की प्रतिबंधित पुस्तक के अंशों को पढ़ना शुरू किया।

जिसका सत्ता पक्ष ने विरोध किया, जवाब में कांग्रेसी सांसदों ने भी हंगामा और सरकार विरोधी नारेबाजी की। लेकिन मामला यहीं शांत नहीं हुआ और कांग्रेसी सांसदों ने सदन की मर्यादा की सभी सीमाएं लांघते हुए लोकसभा अध्यक्ष के

▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील और राहुल गांधी को सदन में न बोलने देने के आरोप के साथ आक्रोशित थे विपक्षी**



**राष्ट्रपति अभिभाषण पर बुधवार को लोकसभा में हो सकता है प्रधानमंत्री का संबोधन**

### बोलूंगा तो भारत-चीन संबंधों पर: राहुल

वहीं, हंगामे के बीच राहुल गांधी ने सदन में कहा कि मैंने बीते सोमवार को राष्ट्रपति अभिभाषण पर केरावेन पत्रिका में छपे एक लेख पर बोलना शुरू किया था। तब लोकसभा अध्यक्ष ने मुझे नियमों की याद दिलाई थी। आज मैं अपने तथ्यों को सदन में प्रमाणित कर रहा हूं और उसी के साथ ही मैं देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर बोलूंगा। जिसमें भारत के चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध मुख्य रूप से शामिल हैं।

### सदन को गुमराह न करें: रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने नेता प्रतिपक्ष को टोकते हुए कहा कि वो सदन को गलत बयानबाजी कर गुमराह करने की कोशिश न करें। सत्ता पक्ष धैर्यपूर्वक राहुल गांधी के भाषण को सुनने के लिए तैयार है। उन्हें राष्ट्रपति अभिभाषण पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही वो किसी पुराने मामले को जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ने अपनी व्यवस्था दे दी

▶▶ शेष पेज 5 पर

### लोकसभा में बोलने से रोके जाने पर राहुल गांधी का विरोध, स्पीकर को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है और इसे संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में कहा कि 3 फरवरी को जब वे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे, तब उनसे एक पत्रिका को प्रमाणित करने के लिए कहा गया था, जिसका वे संदर्भ देना चाहते थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले दिन आज मंगलवार को उन्होंने उस दस्तावेज़ को प्रमाणित करते हुए सदन में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार कर ली थी। इसके बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में लिखा कि संसदीय परंपराओं के अनुसार यदि कोई सदस्य सदन में किसी दस्तावेज़ का हवाला देना चाहता है और वह उसे प्रमाणित

▶▶ शेष पेज 5 पर

संसद में विपक्ष के हंगामे से इतर मीडिया से बातचीत में बोले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

# प्रधानमंत्री ने किसानों के हितों से नहीं किया कोई समझौता

**ट्रेड डील पर इस सप्ताह आएगा संयुक्त बयान**

***कहा, मैं व्यापार समझौते पर संसद में बोलना चाहता था। लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के हंगामे ने मुझे बोलने नहीं दिया***

***रूस बोला, हमें भारत से नहीं मिली रूस से तेल खरीदने रोकने की कोई जानकारी***



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अचानक की गई घोषणा के मामले की गूंज मंगलवार को संसद में भी सुनाई दी। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। जवाब में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मोर्चा संभाला और बोले की मैं तो आज खुद भारत-अमेरिका ट्रेड डील के संबंध में संसद में बोलना चाहता था। लेकिन विपक्ष खासकर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा किए गए अजीबोगरीब हंगामे की वजह से मुझे अपनी बात कहने का अवसर ही नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस समझौते को लेकर सरकार की तरफ से एक संयुक्त

▶▶ शेष पेज 5 पर

### किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित

सरकार के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ हुए व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के किसानों के हितों के साथ किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया है। केंद्र सरकार इस सप्ताह बीटीए को लेकर एक संयुक्त बयान जारी कर सकती है। अभी इस पर दोनों पक्षों द्वारा वार्ताकारों के दल द्वारा तैयार की गई हर छोटी-बड़ी जानकारी को विस्तृत रूप देने की कवायद चल रही है। संयुक्त बयान भारत और अमेरिका द्वारा तैयार किया जा रहा है और उस पर हस्ताक्षर भी दोनों पक्षों के ही होंगे। गौरतलब है कि व्यापार समझौते की सबसे पहले घोषणा बीते सोमवार देर रात अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए घोषणा की थी। जिसके बाद पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में अमेरिका द्वारा 50 में से 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किए जाने को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति भारत की समूची

▶▶ शेष पेज 5 पर

### कृषि, डेयरी को जारी रहेगा संरक्षण

सूत्रों ने कहा कि कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को जिस प्रकार से अभी तक सरकार की ओर से संरक्षण प्रदान किया जा रहा था। ठीक उसी तरह से आगे भी जारी रहेगा। सरकार किसानों के हितों की लगातार सुरक्षा करेगी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में भी ऐसा ही किया गया है। इसके अलावा समझौते से संबंधित चर्चाओं के दौरान भी इन क्षेत्रों को मुख्य रूप से संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने ये भी बताया कि भारत दुनिया के उन तमाम देशों के साथ कच्चे तेल की खरीद जारी रखेगा। जिन पर पाबंदियां लगी हुई नहीं हैं। वहीं, सामरिक ऊर्जा खरीद जैसे वेनेजुएला से तेल की खरीद के मामले को नए समझौते में जगह दी जाएगी।

### भारत ने नहीं रोकी तेल खरीद: रूस

उधर, इस पूरे घटनाक्रम के मध्य रूस के क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूस को भारत की तरफ से ऐसी कोई बयान या जानकारी नहीं मिली है। जिसमें नई दिल्ली ने मास्को से कहा हो कि हम रूस से चल रही अपनी तेल खरीद को रोकने जा रहे हैं। रूस की ये प्रतिक्रिया अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा किए जा रहे उस दावे के बीच की गई है। जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस से भारत की

▶▶ शेष पेज 5 पर

फैसलों में देरी पर सीजेआई भड़के

# यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी

हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर दो टूक

- अदालतों में महीनों बाद भी फैसलों को अपलोड नहीं किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से पेश वकील से कहा कि इस तरह की देरी का कोई औचित्य नहीं है और निर्देश दिया कि पूरा फैसला अगले सप्ताह के अंत तक संबंधित वकील को उपलब्ध

▶▶ शेष पेज 5 पर

बोले पूर्व सेनाप्रमुख, हवा में तीर न चलाएं, जब इतिहास पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि कब कितना वर्गमीटर इलाका कहां चला गया

# जनरल नरावणे ने राहुल गांधी समेत कांग्रेस को दी इतिहास पढ़कर बोलने की नसीहत

**भारत, एलएसी विवाद के बीच चीन को दे चुका है करारा जवाब**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेनाप्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरावणे और उनकी लिखी हुई अप्रकाशित पुस्तक को लेकर चीन द्वारा भारत की जमीन कब्जाने के जिस मामले को लेकर बीते दो दिनों से संसद में सरकार के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाए जा रहे हैं।

उसे लेकर अब खुद जनरल नरावणे सामने आ गए हैं। उन्होंने भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर वर्ष 2020 के मध्य में हुए सैन्य विवाद को लेकर नाम लिए बगैर राहुल गांधी समेत कांग्रेस के बाकी सांसदों को नसीहत देते हुए कहा है कि मीडिया के सामने कुछ भी बोल देने से जमीनी सच्चाई नहीं बदलेगी। मैं सिर्फ यही कहूंगा कि जब तक इन्हें जमीनी स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं होगी। तब तक कुछ भी कहना सही नहीं होगा। सबसे पहले इन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए और फिर ये देखें की कब कहां कितना इलाका गया था। उसके बाद सोचें कि क्या बोल रहे हैं, कैसे बोल रहे हैं? ऐसे हवा में तीर न चलाएं।

▶▶ शेष पेज 5 पर

बोले रणधीर जायसवाल, हमने आस्ट्रेलिया के समक्ष जताई सख्त आपत्ति, चोरी हुई प्रतिमा को जल्द वापस लाकर दोषियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है

# ऑस्ट्रेलिया में चोरी हुई महात्मा गांधी की प्रतिमा के मामले पर भारत की दो टूक...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के रैलिविल स्थित भारतीय सामुदायिक केंद्र से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को काटकर चोरी किए जाने के मामले पर बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि हम अज्ञात लोगों द्वारा गांधी जी की प्रतिमा के साथ की गई छेड़छाड़ के साथ ही इस पूरे मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। भारत ने इस विषय को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाते हुए यह आग्रह किया है कि वह जल्द से जल्द चोरी हुई बापू की प्रतिमा को ढूंढकर वापस लाएं और मामले में दोषियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। वहीं, इस प्रकरण को लेकर ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय ने भी खासी नाराजगी जताई है। गौरतलब है कि यह पूरी घटना पिछले महीने 12 जनवरी 2026 की देर-रात 12 बजकर 50 मिनट पर हुई है। जब तीन अज्ञात लोगों ने रैलिविल से महात्मा गांधी की 426 किलोग्राम की कांस्य की प्रतिमा चोरी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अज्ञात अपराधियों ने प्रतिमा को

▶▶ शेष पेज 5 पर

62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक

मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला है, इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी

# युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री होंगे, भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुने गए

**जातीय समूहों के बीच हुई हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री होंगे। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन समाप्त होने के बाद, भाजपा विधायक दल ने युमनाम खेमचंद सिंह को अपना नेता चुना है। यह निर्णय जातीय हिंसा के बाद एन बीरेन सिंह के इस्तीफे से उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युमनाम खेमचंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया है और वे मणिपुर के नए मुख्यमंत्री होंगे। मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला है। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की समाप्ति से कुछ दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक के बाद राज्य में एनडीए के सहयोगी दलों की भी बैठक हुई। मणिपुर में पिछले साल 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था और बाद में संसद ने पिछले साल अगस्त में इसे छह महीने के लिए और बढ़ा दिया था। राज्य की विधानसभा में 60 सदस्य हैं। भाजपा के पास 37 विधायक हैं। भाजपा के दो सहयोगी दलों के पास छह और पांच मिलाकर कुल 11 विधायक हैं। विधानसभा में 31 विधायक सरकार बनाने के लिए चाहिए। जाहिर है भाजपा आसानी से सरकार बनाने की स्थिति में है। मणिपुर में कुकी-ज़ो और मैतेई जातीय समूहों के बीच जातीय तनाव के बाद कई महीनों तक रुक-रुक कर हुई हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिसंबर में मणिपुर में जातीय हिंसा की जांच कर रहे जांच आयोग को एक और



▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### तिलक नगर में झगड़े के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर में झगड़े के बाद एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शिवम (20) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये डीडीयू अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात करीब 9.30 बजे तिलक नगर में हमले के दौरान शिवम पर कई बार चाकू से वार किए गए जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिये जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शिवम को गंभीर हालत में पाया। उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच के दौरान एक चाकू बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में एक नाबालिग की संलिप्तता सामने आई है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी नाबालिग अपनी बहन के साथ शिवम की कथित नजदीकी को लेकर नाराज था। आरोपी का पता लगाने और उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान जारी है।

### खड़े ट्रक से एसयूवी की टक्कर, महिला की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रजोकरी फ्लाईओवर पर एक ब्रेजा कार खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार 23 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सभी घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को घटना के संबंध में सोमवार तड़के 3.48 बजे पीसीआर पर जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि तीनों घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि अन्य दो का इलाज किया जा रहा है। घायलों में 47 वर्षीय पैदल यात्री और अन्य दो कार में सवार थे। पुलिस ने बताया कि द्वारका सेक्टर 15 की निवासी महिला गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रही थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि टायर फटने के बाद ट्रक को फ्लाईओवर पर खड़ा किया गया था। काले रंग की एसयूवी कथित तौर पर खड़े वाहन के पिछले हिस्से से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि बिहार के दरभंगा निवासी ट्रक चालक प्रकाश कुमार (29) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### गुलाबी बाग में बंद कमरे से व्यक्ति का शव बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के गुलाबी बाग स्थित एक पार्किंग क्षेत्र में बंद कमरे से 39 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक व्यक्ति 25 जनवरी से लापता था। मृतक की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। उसके सिर और गर्दन पर चोट के निशान मिलें है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को उसे घटना के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार मृतक 25 जनवरी से अपने घर से लापता था। 28 जनवरी को पहाड़गंज थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बताया कि गुलाबी बाग पुलिस भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश में जुटी है।

# रात को सैर पर निकले शख्स को हेलमेट से पीटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कनॉट प्लेस में देर रात सैर पर निकले 36 वर्षीय व्यवसायी की हेलमेट से पीटे जाने के कुछ दिनों बाद मौत हो गई। मृतक शिवम गुप्ता परिवार का इकलौता बेटा था। बताया जा रहा है कि एक कंपनी के प्रतिनिधियों से बहस व झगड़े के बाद यह घटना सामने आई थी। शिवम गुप्ता की मौत ने परिवार को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर का रहने वाला शिवम दो जनवरी को अपने एक मित्र के साथ कनॉट प्लेस में एक पार्टी में शामिल होने गया था। बाद में राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास ई-ब्लॉक के नजदीक एक कंपनी के कुछ प्रतिनिधियों के साथ उसकी कहासुनी हो गई और लगभग तीन लोगों ने उस पर हेलमेट से हमला कर दिया। तीन जनवरी की रात करीब 1:30 बजे पुलिस को जानकारी मिली कि सड़क पर एक घायल व्यक्ति बेहोश पड़ा है और और उसके शरीर से खून बह रहा है। शिवम को तुरंत निकटवर्ती लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके शरीर में कई जगह खून के थक्के पाए और कहा कि वह बयान देने की हालत में नहीं है। शिवम के पिता अनिल कांत गुप्ता का कहना है कि उनका बेटा दो जनवरी की शाम को एक पार्टी में शामिल होने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शोक संतप्त पिता ने कहा, मैं उसे लगातार फोन करता रहा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कुछ समय बाद मुझे पुलिस ने बताया कि मेरे बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पिता ने कहा कि जब हम अस्पताल पहुंचे तो उसकी हालत चिंताजनक थी। वह खून की उल्टी कर रहा था और कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। हमने चिकित्सकों से बेहतर इलाज के लिए उसे दूसरे अस्पताल में भेजने का अनुरोध किया। बाद में चिकित्सकों की टीम ने उसे तत्काल विशेष देखभाल के लिए स्थानांतरित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिवम को चार जनवरी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया और पांच जनवरी को उसकी सर्जरी हुई। पिता का कहना है कि चिकित्सकों ने हमें स्पष्ट रूप से बताया कि चोटें जानलेवा हैं और तत्काल ऑपरेशन करना आवश्यक है। ऑपरेशन के बाद हमें बताया गया कि ठीक होने के लिए अगले 36 से 72 घंटे महत्वपूर्ण होंगे। कुछ समय के लिए उसमें सुधार के लक्षण दिखाई दिए। चिकित्सकों के बुलाने पर वह प्रतिक्रिया दे रहा था। हमें उम्मीद थी, लेकिन 19 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया। शिवम उनका इकलौता बेटा था और परिवार का एकमात्र सहारा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में भारतीय न्याय संहिता की धारा 110 (गैर-इरादतन हत्या) और धारा 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## पांच करोड़ की हेरोइन बरामद महिला सहित दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक महिला सहित दो ड्रग सप्लायरों को पकड़ा है। इनके पास से 1.058 किलोग्राम अच्छी क्वालिटी की हेरोइन बरामद हुई। इसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये बताई गई है।

एडिशनल डीसीपी सुमित कुमार झा के अनुसार 2 फरवरी को शाम लगभग 5 बजे एंटी-नारकोटिक्स सेल के ऑफिस में दो सप्लायर अंबे उर्फ सोनिया और उसके साथी चंदन गुप्ता द्वारा अवैध ड्रग्स की सप्लाई के बारे में एक गुप्त और सटीक जानकारी प्राप्त हुई थी। सूचना थी कि एक ऑटो-रिक्शा प्रताप नगर, गुलाबी बाग से गुजरने वाला है। तुरंत ड्रग सप्लायर को नशीले पदार्थों के साथ पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर संजय कुमार की देखरेख और एसीपी विदिशा कौशिक के मार्गदर्शन में एसआई रिंकू भाकर, एएसआई श्रीधर की टीम ने ट्रैप लगाया। मेट्रो पिलर नंबर पी-94, राम बाग रोड के पास शाम लगभग सवा सात बजे उक्त ऑटो-रिक्शा को रुकने का इशारा किया। उसमें एक महिला और ड्राइवर सहित दो लोग बैठे थे। दोनों की तलाशी के दौरान 1.058 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि ड्रग्स रघुबीर नगर निवासी राहुल से खरीदी थी। ड्रग्स को आगे सप्लाई के लिए ट्रांस यमुना इलाके में ले जाया जा रहा था। दोनों पिछले 2-3 सालों से एक-दूसरे के संपर्क में थे। चंदन गुप्ता किराये के ऑटो में ड्रग्स डिलीवर करता था। राहुल के सभी संभावित ठिकानों पर छापे मारे गए लेकिन वह फरार पाया गया।

## 17 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के आरोप में शेफ किया अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने 17 लाख रुपये से अधिक की ठगी में शामिल जालसाजों की मदद करने के आरोप में एक 25 वर्षीय शेफ को गिरफ्तार किया है। पीड़ित को घर से काम करने के फर्जी अवसरों का लालच दिया गया था, जिनमें कथित भुगतान वाले ऑनलाइन कार्य शामिल थे। आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के जालना निवासी पठान उजेफ खलील खान के रूप में हुई है। खान को गिरफ्तार करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है।

पुलिस के अनुसार यह मामला उस वक्त सामने आया जब केशवपुरम निवासी राहुल सैनी ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि साइबर अपराधियों ने उन्हें वर्क फ्रॉम होम से मोटी कमाई करने का झांसा देकर उनसे 17,16,777 रुपये की ठगी की है। इस संबंध में एक जनवरी को मामला दर्ज किया गया था। जांच टीम ने सोशल मीडिया और बैंक डिटेल्स का विश्लेषण किया। तकनीकी निगरानी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपी के सटीक ठिकाने का पता लगाने में मदद मिली। खान उस गिरोह का हिस्सा था जो ठगी से कमाए गए पैसों की हेरफेर करने का काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि अपनी आर्थिक जरूरतों और महंगी जीवनशैली के शौक को पूरा करने के लिए वह इस गिरोह में शामिल हुआ था। पुलिस के मुताबिक, वह 'म्यूल' खाते का इस्तेमाल कर ठगी की रकम निकालने और उसे अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने का काम करता था, ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। पुलिस ने बताया कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने मोबाइल नंबर बदलता रहता था। 12वीं पास आरोपी एक निजी होटल में शेफ के तौर पर काम करता है।

# निजी स्कूलों ने 20-80 फीसद फीस बढ़ा दी : सौरभ भारद्वाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा की सरकार बनते ही निजी स्कूलों ने 20-80 फीसद फीस बढ़ा दी, विरोध करने पर पैरेंट्स को कानून लाने का धोखा दिया। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने प्राइवेट स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट को अभी भी मास्टर स्ट्रोक बता रही भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार और प्राइवेट स्कूल लॉबी ने मिलकर कोर्ट में ड्रामा किया और सरकार ने सरेंडर कर दिया। जिस प्राइवेट स्कूल एक्शन कमिटी ने कोर्ट में मुकदमा किया, वो भाजपा के दिल्ली शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हैं। भाजपा की सरकार बनते ही निजी स्कूलों ने 20-80 फीसद फीस बढ़ा दी। जब पैरेंट्स विरोध पर सड़क पर उतरे तो सरकार ने फीस कंट्रोल करने के लिए कानून लाने का उन्हें धोखा दिया। सरकार इस कानून को चोरी-छिपे लाई और बिना चर्चा के ही लागू भी कर दिया। यह हास्यास्पद है कि जिस कानून से निजी स्कूलों में बढ़ी फीस को कम नहीं किया जा सकता, उसे शिक्षा मंत्री अभिभावकों की जीत बता रहे हैं।

## स्कूल छात्रों के अभिभावकों के लिए तोहफा है एजूकेशन एक्ट 2025 : सचदेवा



नई दिल्ली। यह दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 आने वाले अनेक दशकों के लिए भाजपा की दिल्ली सरकार का स्कूल छात्रों के अभिभावकों के लिए तोहफा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 पर किसी भी प्रकार की रोक लगाने से इंकार करने का स्वागत करने के बाद यह बात कही। सचदेवा ने कहा कि सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के एफिडेविट को स्वीकार करने के बाद निजी स्कूलों के लाखों रूपए रोज़ की फीस के बड़े वकील की दलीलों को काट कर कहा कि दिल्ली स्कूल एजूकेशन एक्ट 2025 आगामी 2026-27 वर्ष से लागू होकर अभिभावकों के हितों की रक्षा करने में सक्षम है अतः निजी स्कूलों की याचिका पर आगे सुनवाई की जरूरत नहीं है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली के "आप" संयोजक सौरभ भारद्वाज से दो सीधे सवाल पूछे हैं कि क्या यह सच नहीं कि जिन खगेश झा ने अभिभावकों के हित में लाये गये दिल्ली एजूकेशन एक्ट को चुनौती दी है वह सौरभ भारद्वाज के नियमित पॉडकास्ट करते है ? सचदेवा ने भाजपा पर निजी स्कूल मालिकों का साथ देने का आरोप लगाने वाले सौरभ भारद्वाज जवाब दें कि यदि दिल्ली एजूकेशन एक्ट 2025 निजी स्कूल मालिकों के हित में है तो फिर वह इसके विरूद्ध न्यायालय क्यों गये ?

## एलजी ने गणतंत्र दिवस समारोह के राष्ट्रीय कैडेट कोर के दल से मुलाकात कर किया सम्मानित

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को लोक निवास में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैंप दल के साथ मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन बजाया गया। इस बारे में उपराज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल एनसीसी कैंप दल के सदस्यों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। इन युवा कैडेट्स का अनुशासन, जुनून और देश के प्रति अटूट समर्पण सच में प्रेरणादायक है। एलजी ने कहा कि सात दशकों से ज़्यादा समय से एनसीसी ने राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एलजी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कैडेट्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार विकसित भारत 2047 की यात्रा में इस विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on Friday, 13th February, 2026 at 04:10 P.M. to consider and approve the Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter Ended on 31st December, 2025 at the Corporate Office of the Company at 15th Floor, 1502, Tower A, Signature Tower, Sector - 30, Gurugram - 122003 through hybrid mode.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Suchi Gupta
Company Secretary
& Compliance Officer

Place: Gurugram
Date: 03.02.2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू उर्फ रवि पुत्र राजेंद्र निवासी फुटपाथ पिलर नंबर 381 फायर स्टेशन के सामने, सेक्टर 7, रोहिणी, दिल्ली**ने **FIR No. 673/2024 U/S 376 IPC 06 POCSO Act, अन्तर्गत थाना एसबी डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू उर्फ रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू उर्फ रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 673/2024 U/S 376 IPC 06 POCSO Act, अन्तर्गत थाना एसबी डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनू उर्फ रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2026** को **सुबह 10:00** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री अजय नागर**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट, (उत्तर जिला)**
**कमरा नंबर 308, तृतीय तल**
**जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली**

**DP/1433/ON/2026(Court Matter)**

## विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक कदम : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के बीच समझौता एक ऐतिहासिक कदम है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुआ व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाला एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, भारत अमेरिका व्यापार समझौता केवल एक व्यावसायिक समझौता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आर्थिक साझेदारी है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा को तेज करेगी। इससे देश को वैश्विक विनिर्माण एवं व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन को सुदृढ़ करता है, जिसके अंतर्गत भारत को वैश्विक आर्थिक विकास का इंजन बनाते हुए देश के भीतर समावेशी विकास और समृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। उनके नेतृत्व में भारत आज एक आत्मविश्वासी, विश्वसनीय और अपरिहार्य वैश्विक आर्थिक भागीदार के रूप में उभरा है।

खंडेलवाल ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा देगा। भारत में निवेश को प्रोत्साहित करेगा तथा विशेष रूप से एमएसएमई, स्टार्टअप और विनिर्माण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा। यह मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजारों तक व्यापक पहुंच दिलाएगा और घरेलू मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, कृषि उत्पाद, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा। भारतीय निर्यातकों, व्यापारियों और उद्यमियों को व्यापार अवरोधों में कमी, बेहतर बाजार पहुँच और प्रौद्योगिकी सहयोग का सीधा लाभ प्राप्त होगा।


## राशन कार्ड निरस्तीकरण के तहत गरीबों का उत्पीड़न कर रही है बीजेपी सरकार: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की बीजेपी सरकार राशन कार्ड व्यवस्था में 'सुधार' के नाम पर नए नियम लागू कर रही है, जिससे दिल्ली कांग्रेस ने गरीब-विरोधी और भ्रष्टाचार से भरा करार दिया है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 'दिल्ली फूड सिक्योरिटी रूल्स, 2025' के तहत आय सीमा को 1 लाख वार्षिक से बढ़ाकर 1.20 लाख रुपये करना महज दिखावा है, जबकि महा महंगाई के इस दौर में यह राशि नाकाफी है। क्या सरकार नहीं जानती कि दिल्ली में एक परिवार का गुजारा 1.20 लाख में कैसे चल सकता है? सरकार जवाब दे कि यह नियम गरीबों को बाहर करने का बहाना है या अमीरों को फायदा पहुंचाने की साजिश? वहीं इस तरह के अलग अलग मुद्दों पर जनता की आवाज को पत्राचार, टीवी डिबेट्स और अखबारों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने वाले करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि फिलहाल सरकार ने लगभग 16,9000 राशन कार्ड धारकों हटाने का फैसला किया है। अगर एक कार्ड पर 4 या 5 सदस्यों को माना जाए तो सीधे सीधे साढ़े 6 लाख लोगों गाज गिरने वाली है। जिसमें से 25 हजार कार्ड धारकों को नोटिस भेजा जा चुका है। इससे पूर्व केजरीवाल सरकार ने 10 वर्षों में 4 लाख 20 हजार कार्ड धारकों के कार्ड निरस्त कर दिए थे। क्या यह गरीबों का उत्पीड़न नहीं? फर्जी कार्ड हटाने के नाम पर लाखों असली जरूरतमंदों के कार्ड कट रहे हैं। अगर किसी के पास 50 गज का मकान, छोटी गाड़ी या 2 किलो वाट बिजली कनेक्शन है, तो क्या वह गरीब नहीं? महंगाई में जीने वाले परिवारों की परेशानी समझे बिना एसेट्स के आधार पर निरस्तीकरण क्यों? क्या सरकार आंकड़ों की बाजीगरी से अपनी नाकामी छिपा रही है? इससे दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक और छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, जो महामारी और महंगाई से पहले ही टूट चुके हैं। राशन कार्ड गरीबों का अधिकार है, लेकिन सरकार इसे एहसान बना रही है। क्यों नहीं डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन कर असली फर्जीवाड़ा रोका जाता? क्या बीजेपी डीलरों और अधिकारियों के साथ मिलीभगत से घोटाला कर रही है?₹आदेश भारद्वाज ने नए कार्ड बनाए जाने के बारे में कहा कि नए आवेदनों के लिए सेल्फ-सर्टिफिकेशन खत्म कर राजस्व विभाग से आय प्रमाण पत्र अनिवार्य करना गरीबों के लिए बड़ी बाधा है। ₹पहले आओ, पहले पाओ' सिस्टम हटाकर जिला-वार कोटा और समिति जांच क्यों? क्या यह देरी पैदा कर आवेदनों को रद्द करने का तरीका नहीं है? जिला स्तरीय समिति में डीएम, एसडीएम, एसीपी और विधायकों को शामिल कर सरकार राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ा रही है। क्या बीजेपी या आप विधायक जरूरतमंदों की बजाय अपने चहेतों को प्राथमिकता नहीं देंगे?₹ उन्होंने 20% वेटिंग लिस्ट का प्रावधान भी संदिग्ध बताया, कहा कि इससे असली गरीबों को इंतजार करवाकर परेशान किया जा रहा है। भारद्वाज ने दिल्ली कांग्रेस की तरफ से मांग की कि नियमों में बदलाव कर आय सीमा 2 लाख तक बढ़ाई जाए, आवेदन प्रक्रिया सरल की जाए और निरस्त कार्डों की सूची सार्वजनिक की जाए।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 14 दिनांक 29.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।**



**गुमशुदा की पहचान**
नाम अभिषेक जैन ।
पिता का नाम अशोक जैन ।
पता - वासी नियर प्रिंस पुस्तकालय मिशन चौक जिला सोनीपत ।
उम्रः 25 वर्ष
कदः 5 फुट 9 ईन्च ।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, हष्ट-पुष्ट शरीर, दाहीने हाथ की कलाई पर ओम नमः शिवाय गुदा हुआ हैं।
पहनावा - हरे रंग का सुट व हरे रंग की सलवार, पैरो में जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 20.01.2026 को अभिषेक जैन पुत्र अशोक जैन वासी वासी नियर प्रिंस पुस्तकालय मिशन चौक जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कही चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
**प्रबन्धक थाना 7419410532**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न०. - 9812402660**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**


अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4425/2026/42656/88/7 दि. 03.02.2026

**गुस्साए सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन**

# सफाईकर्मी को चाकू मार किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दूसरी बार सफाईकर्मी बना बदमाशों का निशाना

दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी स्थित श्रीलाल चौक पर मंगलवार सुबह एक सफाईकर्मी को अज्ञात शख्स ने चाकू मार दिया। हमलावर के साथी पर वारदात का वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप है। इसके बाद दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गये। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सफाईकर्मियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारे लगाये। गुस्साए सफाईकर्मियों का कहना था कि 29 जनवरी को भी ठीक इसी तरह एक अन्य सफाईकर्मी को चाकू मारकर घायल किया गया था। पुलिस हमलावरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक गोविंदपुरी में रहने वाला 38 वर्षीय राजू दिल्ली नगर निगम का स्थायी सफाई कर्मचारी है। वह मंगलवार सुबह करीब सात बजे श्रीलाल चौक के समीप पेट्रोल पंप के सामने झाड़ू लगा रहा था। तभी एक युवक चाकू हाथ में लिए राजू की तरफ बढ़ा और उसके समीप खड़े होकर गाली देने लगा। राजू कुछ समझ पाता, इतने में युवक ने चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद सफाईकर्मी वहां से भाग खड़ा हुआ और पेट्रोल पंप पर पहुंचकर शोर मचाया। हमलावर उसके पीछे पीछे भागे लेकिन वे रुके और वापस अपनी बाइक लेकर भाग गए। घायल कर्मचारी ने इस बात की सूचना पुलिस व सफाई दरोगा को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल लेकर गई। जैसे ही इस घटना का अन्य सफाईकर्मियों को पता चला तो सभी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क जाम कर दी और प्रदर्शन किया। 29 जनवरी को सुबह के वक्त इसी जगह पर उदय नामक युवक को भी चाकू मारकर घायल किया गया था। उस वारदात में भी दो युवक थे। बताया जा रहा है कि चार महीने में यह तीसरी बड़ी वारदात है। उधर पुलिस का कहना है कि दो टीम इस मामले की जांच में लगी है। कुछ इनपुट मिले हैं। जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा।

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151, वेबसाइट : www.hssc.gov.in**

**परिशिष्ट-ए (विज्ञा. सं. 02/2026) में शुद्धिपत्र**

विज्ञा. सं. 2/2026, दिनांक 09.01.2026 की निरंतरता में, उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय हरियाणा ने मांग सं. 2901 के तहत ग्रुप नं. 5 श्रेणी सं. 36 के तहत गैस रूम ऑपरेटर के पदों की संख्या 02 से बढ़ाकर 32 कर दी है। पदों का संशोधित विभाजन निम्नानुसार है :-

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी वीएच | पीडब्ल्यूडी एचएच | पीडब्ल्यूडी ओएच | पीडब्ल्यूडी एमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | डीएमईआर हरियाणा | गैस रूम ऑपरेटर | एफपीएल-4 | 17 | 4 | 0 | 4 | 0 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 2 | 1 | 1 | 1 |

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 03.02.2026

हस्ता/- अवर सचिव
कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद-1159/13/699/2026/42634/88/7 दि. 03.02.26

## साल में दो बार सिलेंडर की आर्थिक सहायता

# होली और दिवाली पर मिलेगी मुफ्त एलपीजी सिलेंडर राशि : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को महंगाई से राहत देने की दिशा में एक अहम और जनकल्याणकारी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने मंगलवार को उस योजना को मंजूरी दे दी है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2026 से दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो एलपीजी सिलेंडर के बराबर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

यह सहायता होली और दिवाली जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना दिल्ली सरकार की लक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह कल्याण नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की निर्धारित राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से परिवार के मुखिया के आधार-सीडेड बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि यह योजना भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का हिस्सा थी और दिल्ली सरकार चरणबद्ध रूप से अपने सभी वादों को ज़मीन पर उतार रही है।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि शासन की नीयत और क्रियान्वयन की क्षमता का प्रमाण है। यही सुशासन का फर्क है। बताया गया कि इस योजना से दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवार लाभान्वित होंगे। यह योजना सार्वभौमिक है और एलपीजी अथवा पीएनजी उपयोग करने वाले सभी राशन कार्ड धारकों पर समान रूप से लागू होगी। सहायता दो अवसरों - होली और दिवाली- पर प्रदान की जाएगी, चाहे उस महीने सिलेंडर की रिफिलिंग कराई गई हो या नहीं। दिल्ली में वर्तमान में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति सिलेंडर है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को केंद्र सरकार की 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी को समायोजित करने के बाद 553 रुपये प्रति सिलेंडर की सहायता दी जाएगी। गैर-उज्ज्वला राशन कार्ड धारक परिवारों को 853 रुपये प्रति सिलेंडर की सहायता प्रदान की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का किया धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से केंद्र सरकार ने देश की करोड़ों महिलाओं को स्वच्छ ईंधन, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन दिया है। दिल्ली सरकार की यह योजना उसी दूरदर्शी सोच का विस्तार है, जिसमें कल्याण को सब्सिडी की राजनीति नहीं, बल्कि नियम आधारित और पारदर्शी शासन के रूप में लागू किया जा रहा है।

### लगभग 242.77 करोड़ बजट का किया वित्तीय प्रावधान

इस योजना पर होने वाला अनुमानित वार्षिक व्यय लगभग 242.77 करोड़ रुपये होगा, जो एलपीजी कीमतों, भारत सरकार की सब्सिडी तथा लाभार्थियों की संख्या में परिवर्तन के अनुसार समायोजित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इसके लिए स्पष्ट बजटीय प्रतिबद्ध ता सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि त्योहारों के समय गरिमा और राहत सुनिश्चित करने का माध्यम है।

## 'विरासत को मिलेगा संरक्षण, पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी पुरानी दिल्ली'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- शाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की अध्यक्ष बनीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

पुरानी दिल्ली यानी 'वॉल्ड सिटी' का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गौरव पुनर्जीवित करना उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है। शाहजहानाबाद केवल इलाका नहीं, बल्कि दिल्ली की समृद्ध विरासत और इतिहास की पहचान है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एसआरडीसी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद यह बयान जारी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पुरानी दिल्ली के समग्र पुनर्विकास और विरासत संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। एसआरडीसी के माध्यम से पुरानी दिल्ली को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुरानी दिल्ली की संकरी गलियों में फैले बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी और क्षेत्र की सुंदरता में भी सुधार होगा। साथ ही, बाजारों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए व्यापक 'ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान' तैयार किया जाएगा और मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाओं पर भी काम किया जाएगा। सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियुक्ति के संबंध में लोकनिवास से आदेश जारी कर दिया गया है।

### इन परियोजनाओं पर रहेगी नजर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पुरानी दिल्ली ऐतिहासिक रिहायशी क्षेत्र है, जहां हर गली में इतिहास और विरासत की झलक मिलती है। सरकार का उद्देश्य इस विरासत को सहेजते हुए क्षेत्र का संतुलित विकास करना है। हवेलियों के संरक्षण के साथ-साथ कटरों और कूंचों को भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसआरडीसी ने पूर्व में भी पुरानी दिल्ली के विकास के लिए कई योजनाएं तैयार की थीं। इनमें चांदनी चौक का पुनर्विकास, जामा मस्जिद क्षेत्र, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग और दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट तक की सड़क का सौंदर्यीकरण शामिल है। इन सभी योजनाओं की दोबारा समीक्षा की जाएगी ताकि पुरानी दिल्ली को बड़े पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में पुरानी दिल्ली अपेक्षित विकास और बुनियादी सुविधाओं से वंचित रही। अब सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सड़कों का निर्माण बिना किसी बाधा के हो।

## कुलपति ने किया डीयू में 'वंदे मातरम हॉल' का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की फैकल्टी ऑफ आर्ट्स में 'वंदे मातरम हॉल' अनेकों वर्षों तक प्रेरणा का काम करेगा। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मंगलवार को इस हॉल के उद्घाटन के मौके पर यह संबोधन दिया। इसके साथ ही हॉल के द्वार पर पूर्ण वन्दे मातरम के शिलालेख का अनावरण भी कुलपति ने किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वंदे मातरम ने भारत के हर संकट में भारत का साथ दिया है। आज देश वंदे मातरम के 150 वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि 1948 से लेकर 2005 तक इस हॉल में अनेकों कॉन्वोकेशन हुए और भारत के राष्ट्रपति सहित अनेकों महान विभूतियों ने इस हॉल में अपने अपने कदम रखे। जब भी डीयू का इतिहास लिखा जाएगा तो इस हॉल का इतिहास भी लिखा जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ में फैकल्टी ऑफ आर्ट्स के डीन प्रो. इन्द्र नारायण सिंह ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के समापन पर डीन प्लानिंग प्रो. निरंजन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी और रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता सहित कई डीन, डायरेक्टर, कई कॉलेजों के प्रिंसिपल, शिक्षक, अधिकारी और अनेकों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दूरदर्शी केंद्रीय बजट से दिल्ली के विकास को मिलेगी नई रफ्तार : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से वैश्विक भरोसा बढ़ा है। यह बजट भारत की आर्थिक नींव को और मजबूत करने के साथ-साथ दिल्ली के विकास को नई रफ्तार देगा। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय बजट 2026-27 को "नेक्स्ट जेनरेशन बजट" बताते हुए यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत आज एक विश्वसनीय वैश्विक आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है, जिसका प्रमाण अंतरराष्ट्रीय व्यापार फैसलों और निवेशकों के बढ़ते भरोसे में साफ दिखाई देता है।



अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के फैसले का उल्लेख करते हुए प्रवेश साहिब सिंह ने इसे भारत के लिए बड़ी आर्थिक उपलब्धि बताया और कहा कि यह दुनिया के भारत की मजबूती, स्थिरता और विकास क्षमता पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह बजट साफ दिखाता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज एक मजबूत और भरोसेमंद वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। इससे हमारे निर्यातकों को लाभ मिलेगा, निवेश बढ़ेगा और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे। इस वैश्विक सकारात्मक माहौल को केंद्रीय बजट 2026-27 से जोड़ते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार की आर्थिक सोच तात्कालिक लाभ नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित है। कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह बजट आज के फायदे के लिए नहीं, बल्कि आने वाले भारत के निर्माण के लिए है। यह 2047 तक विकसित भारत - और उसके साथ विकसित दिल्ली - का रोडमैप तैयार करता है। दिल्ली में बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में लोक निर्माण विभाग को सड़क विकास के लिए 805 करोड़ रुपए मिले हैं, जबकि 2026-27 के लिए विभाग केंद्र सरकार से लगभग 1,200 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता और आवंटन प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करेगा, जिससे बड़े पैमाने पर सड़कों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के कार्य किए जाएंगे।

### राजधानी में सुधरेगी सड़कों की गुणवत्ता

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस बढ़ी हुई केंद्रीय मदद से राजधानी में सड़कों की गुणवत्ता सुधरेगी, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण अब केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बेहतर समन्वय से परियोजनाएं तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं और कई वर्षों से लंबित इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य अब पूरी गति से पूरे हो रहे हैं।

### रुकी हुई विकास योजनाएं फिर से हुई शुरू

शासन व्यवस्था में सुधारों पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले 11 महीनों में स्थिरता, जवाबदेही और कार्यकुशलता आई है, जिससे रुकी हुई विकास योजनाएं फिर से शुरू हो सकी हैं। पहले राजनीतिक टकराव के कारण दिल्ली का विकास बार-बार रुकता था। आज काम फोकस, पारदर्शिता और गति के साथ आगे बढ़ रहा है।

## धूल प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए तैयार एनडीएमसी : चहल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में दो सीएनजी (सीएनजी) आधारित मैकेनिकल रोड स्वीपर्स (एमआरएस) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल सड़कों की आधुनिक सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और राजधानी में बढ़ रहे हवा व धूल प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शुरू की गई है। चहल ने बताया कि एनडीएमसी प्रमुख सड़कों पर दिन और रात दोनों समय मैकेनिकल रोड स्वीपस के माध्यम से सफाई करा रही है। यह आधुनिक प्रणाली सड़क की धूल कम करने, हवा की गुणवत्ता सुधारने और लोगों के लिए सुरक्षित व साफ सड़कें सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही है। उपाध्यक्ष चहल ने कहा कि रोज़ाना करीब 415 किलोमीटर सड़कों की सफाई के लक्ष्य को पूरा करने और इस वीवीआईपी व अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पाँच नए मैकेनिकल रोड स्वीपर खरीदना जरूरी था। ये सभी मशीनें सीएनजी पर चलने वाली हैं और दिल्ली में डीज़ल वाहनों के पंजीकरण पर रोक लगाने वाले एनजीटी के आदेशों के अनुसार हैं।

## आम जनता सरकारी अस्पतालों में खा रही धक्के

# विधायकों के स्वास्थ्य की जांच जनता के पैसे से करवा रही दिल्ली सरकार : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि दिल्ली के विधायकों के स्वास्थ्य की जांच टैक्स पेयर जनता के सरकारी पैसों से करवा रही है। जबकि जरूरतमंद जनता सरकारी अस्पतालों में उचित इलाज न मिलने के कारण धक्के खा रही है। यादव ने रेखा गुप्ता सरकार से मांग की है कि दिल्ली सरकार को प्रत्येक विधानसभा में गरीब, वंचित, मजदूर और असहाय लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए तुरंत विधायकों की स्वास्थ्य जांच जैसी बेहतरीन सुविधाओं के साथ जांच शिविर लगाए।

यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति कतई चिंतित नहीं है बल्कि दिल्ली के 70 विधायकों की मेडिकल जांच के लिए 2 फरवरी से 14 फरवरी तक परमानंद अस्पताल में महंगी जांच कराने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय लेना दर्शाता है कि भाजपा गरीब विरोधी सरकार है। अव्वल दर्जे की व्यवस्था के तहत विधायकों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े इसलिए एक दिन में सिर्फ 5-6 विधायकों की ही स्वास्थ्य जांच के लिए समय निश्चित किया गया है। जबकि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गरीब आदमी को ओपीडी में अपना पंजीकरण कराने के लिए ही 3-4 घंटे लाईन में खड़े रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित सदस्यों की मेडिकल जांच से हमें कोई आपत्ति नही है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में आम जनता के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने की जिम्मेदारी भी दिल्ली सरकार की है, जिसमें रेखा सरकार अभी तक फेल साबित रही है। यादव ने आरोप लगाए कि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।


## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के करोड़ों किसानों के हितों के प्रति गंभीर खतरा: डीपीसीसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डाक्टर नरेश कुमार ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कहा कि यह देश के करोड़ों किसानों के हितों के प्रति गंभीर खतरा है। अमेरिका की ओर से यह बयान सामने आया है कि इस समझौते का उद्देश्य अमेरिकी किसानों के उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचकर ग्रामीण अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। यह बयान अपने-आप में यह सवाल खड़ा करता है कि इस समझौते में भारतीय किसानों का हित कहाँ है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि व्यवस्था छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है, जबकि अमेरिकी कृषि बड़े कॉरपोरेट फार्म्स, भारी सरकारी सब्सिडी और अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित है। ऐसे में यदि भारतीय कृषि बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला जाता है, तो यह भारतीय किसानों को असमान और अन्यायपूर्ण प्रतिस्पर्धा में झोंकने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारतीय किसानों को कई नुकसान भुगतने पड़ सकते है। जैसे सब्सिडी-युक्त अमेरिकी कृषि उत्पादों के आने से भारतीय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलेगा, सस्ते आयात से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे, पहले से कर्ज और बढ़ती लागत से जूझ रहे किसानों के लिए यह समझौता घातक साबित हो सकता है, कृषि पर कॉरपोरेट नियंत्रण बढ़ेगा यह डील खेती को किसानों के हाथ से निकालकर बड़ी कंपनियों के हवाले कर सकती है, देश की खाद्य सुरक्षा पर खतरा आयात पर निर्भरता बढ़ने से आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा कमजोर होगी आदि शामिल है।

# भाजपा का एमसीडी में पेश बजट हवा हवाई जन सरोकारों से कोसों दूर : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने एमसीडी सदन में जो बजट पेश किया है, वो पूरी तरह कागजी, दिखावटी, हवा-हवाई और जन सरोकारों से कोसों दूर है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर में बजट पर आयोजित विशेष सदन बैठक में वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट और वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट पर चर्चा के दौरान यह बाते कही। उन्होंने कहा कि बजट में प्रदूषण, सफाई, कूड़ा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता कर्मियों के लिए ठोस कोई ठोस कार्य योजना नहीं है। निगम डिस्पेंसरियों पर आरोग्य मंदिर



का बोर्ड लगा भाजपा वाहवाही लूट रही है और एमसीडी अस्पताल भी बदहाल हैं।

नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि सफाई कर्मियों को पक्का करने का दावा जुमला निकला, बजट में एमटीएस के लिए फूटी कौड़ी नहीं है। इसके अलावा गाजीपुर, भलस्वा और ओखला कूड़े के पहाड़ भाजपा सरकार की विफलताओं के उदाहरण हैं। नारंग ने कहा कि एमसीडी के 30 फीसद स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं, कई स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। बजट के आंकड़ों पर बात करते हुए अंकुश नारंग ने बताया कि आरबीई 2025-26 में 1,48,393 लाख रुपये के मुकाबले बीई 2026-27 में 85,847 लाख रुपये का प्रावधान है, जो 42 फीसद की गिरावट है। यह पैसा कहां गया और किस मद में खर्च हुआ, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। आय बढ़ी है, लेकिन यह प्रॉपर्टी टैक्स, पेनल्टी और छोटे व्यापारियों पर बोझ डालकर बढ़ाई गई है, जबकि एलटीईआर के तहत सरकारी विभागों से 12,000 करोड़ रुपये आज भी बकाया हैं।

### राजस्व बढ़ाने को लेकर कोई सुझाव नहीं, सिर्फ बयानबाजी : सत्या शर्मा

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने नेता विपक्ष अंकुश नारंग द्वारा बजट को लेकर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि बजट जैसे गंभीर विषय पर ठोस सुझाव देने और जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने के बजाय नेता विपक्ष ने केवल बयानबाजी और राजनीतिक स्टंटबाजी का सहारा लिया है। सत्या शर्मा ने कहा कि विपक्ष की ओर से न तो निगम की आय बढ़ाने के लिए कोई व्यावहारिक सुझाव दिया गया, न ही कर्मियों के हित, नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर कोई ठोस बात रखी गई।

## सड़कों पर रेंगते रजर आए वाहन

# कोहरे के कारण राजधानी में दर्जनों हवाई उड़ानें, रेल सेवाएं हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन मंगलवार को राजधानी दिल्ली में कोहरे के कहर से दर्जनों हवाई उड़ाने व रेल सेवाएं तथा सड़क परिवहन बुरी तरह प्रभावित रहा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई ) हवाई अड्डे पर सुबह के समय दृश्यता घटकर 100 से शून्य तक रहने से दर्जनों हवाई उड़ाने बुरी तरह प्रभावित रही, जबकि कुछ को रद्द करना पड़ा।

यही हाल सोमवार को भी रहा जब कोहरे के कारण आईजीआई हवाई अड्डे पर 220 उड़ानें लेट हुई और 40 उड़ानों को रद्द करना पड़ा था। मंगलवार को भी कोहरे के कारण हवाई उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ कोहरे के कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित रही।

खासकर उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से आने जाने वाली रेल सेवाएं शामिल है। कोहरा का प्रभाव सड़क मार्ग के वाहनों पर भी देखने को मिला। सुबह के समय घने कोहरे वाले क्षेत्रों में सड़कों पर चल रहे वाहनों को लाइट जलाने के बावजूद रेंगते हुए देखा गया।



सबसे ज्यादा परेशानी सुबह काम धंधे पर जाने वालों के अलावा स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अभी कोहरे से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अनुमान है कि दिल्ली में अगले दो दिन तक कोहरा परेशानी का कारण बना रह सकता है।

### न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज, अभी और बढ़ेगी सर्दी!

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को न्यूनतम पारा सिंगल डिजिट में 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि अधिकतम तापमान भी सामान्य से 4.8 डिग्री नीचे लुढ़ककर 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यानी एक बार फिर रात और दिन का तापमान लुढ़कने से कड़ाके की सर्दी की मार पड़ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सोमवार-मंगलवार की रात से ही दिल्ली में कड़ाके की ठंड दर्ज हुई। सुबह के समय तेज ठंडी हवाओं ने शीतलहर का अहसास भी कराया। आईएमडी ने बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अनुमान जताया है कि आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय कई स्थानों पर मध्यम, जबकि कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहेगा। बारिश को लेकर आईएमडी ने फिलहाल कोई अलर्ट जारी नहीं किया है।

# किराड़ी क्षेत्र में कूड़ा डाले जाने के आरोप निराधार : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का हो रहा है वैध उपयोग

किराड़ी क्षेत्र में भलस्वा का कूड़ा नहीं बल्कि प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का उपयोग भूमि समतलीकरण एवं लो-लाइंग एरिया को भरने के लिए किया जा रहा है, जो पूरी तरह वैध एवं अनुमत प्रक्रिया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी द्वारा किराड़ी क्षेत्र में कूड़ा डाले जाने को लेकर फैलाए जा रहे झूठे आरोपों का कड़ा खंडन करते हुए यह बाते कही।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रेस वार्ता में स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा एवं नेता सदन प्रवेश वाही भी उपस्थित थे। सत्या शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक केवल झूठ फैलाकर सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। जबकि प्रवेश वाही ने कहा कि आवश्यक अनुमतियां लेने के बाद ही प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का उपयोग लो-लाइंग एरिया को भरने के लिए किया गया है। महापौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए जा रहे आरोप जनता को गुमराह करने की साजिश के अलावा कुछ नहीं हैं। उन्होंने बताया कि भलस्वा से निकलने वाली प्रोसेस्ड इनर्ट मिट्टी का उपयोग पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जाता था और अब डीडीए की अनुमति के बाद कंसेशनर द्वारा भूमि समतलीकरण एवं लो-लाइंग क्षेत्रों को भरने के लिए किया जा रहा है।

### राधे-राधे के जयकारों से गूंजा मेला परिसर

# सुप्रसिद्ध कलाकार हेमंत बृजवासी की आवाज में सजी भक्ति की संध्या

**39वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले के तीसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में भक्ति की अनूठी छटा दिखाई दी। देर शाम देशभर में अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण भजनों के लिए पहचाने जाने वाले मशहूर भजन गायक हेमंत बृजवासी के भजनों ने मेला परिसर को भक्तिमय बना दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे 39वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले के तीसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में भक्ति की अनूठी छटा दिखाई दी। देर शाम देशभर में अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण भजनों के लिए पहचाने जाने वाले मशहूर भजन गायक हेमंत बृजवासी के भजनों ने मेला परिसर को भक्तिमय बना दिया। जैसे ही हेमंत बृजवासी मुख्य चौपाल के मंच पर पहुंचे, पांडाल तालियों की गूंज से भर उठा और उपस्थित जनसमूह में श्रद्धा भाव से खासा उत्साह देखने को मिला। हेमंत बृजवासी द्वारा सांस्कृतिक



संध्या की शुरूआत जय राधे-राधे भजन से हुई, इसके पश्चात किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम, दीवाना राधे का और जुबां पे राधा-राधा जैसे भजनों से मेला परिसर भक्ति के रंग से सराबोर हो गया।

मुख्य चौपाल में कई लोग मंच के सामने झूमते नजर आए, तो कई शांत भाव से बैठकर भक्ति रस का आनंद लेते रहे। हेमंत बृजवासी की आवाज में भक्ति का ऐसा रंग था कि लोग खुद को रोक नहीं पाए। रोशनी और साउंड सिस्टम के साथ भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी खास बना दिया। सूरजकुंड मेले में आयोजित यह संध्या लोगों के लिए एक यादगार रात बन गई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी लोग हेमंत बृजवासी के भजनों की सराहना करते नजर आए।

### दिनभर की चहल-पहल के बाद रात की रौनक बनी खास

सूरजकुंड मेले में चल रहे 39वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिफ्ट मेले का तीसरा दिन खास बन गया, जब दिन में खरीदारी और मेलों की रौनक के बाद जैसे ही शाम हुई, हेमंत बृजवासी ने भजनों से पूरे वातावरण को श्रद्धा भाव में बदल दिया। मेले में आए लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ मंच के सामने जमा हो गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। मशहूर भजन गायक हेमंत बृजवासी द्वारा राधे राधे के मधुर भजनों से कार्यक्रम की शुरुआत करने के बाद ही संपूर्ण पंडाल भक्ति रस से सराबोर हो गया। सैकड़ों श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। सांस्कृतिक संध्या में काली कमली वाले, दीवाना राधे का सहित भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षित बैंकिंग की ओर बढ़ रहा लोगों भरोसा

**गुरुग्राम ।** हर ग्राहक चाहता है कि बैंक में उसका पैसा सुरक्षित रहे,




जरुरत के समय उसे आसानी से किफायती लोन मिलें साथ ही, वह अपने निवेश से अच्छा रिटर्न भी पा सके। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में दिखाया कि ग्राहक सिर्फ सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि फायदे के लिए भी इसे चुन सकते हैं। बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपए रहा।

### छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा

**फरीदाबाद।** जिला कोर्ट ने नाबालिग के साथ छेड़खानी के मामले में आरोपी को दोषी करार



देते हुए तीन साल की सजा और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। एडिशनल सेशन जज अभिषेक ने यह फैसला सुनाया। एडिशनल सेशन जज अभिषेक ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत दोषी मानते हुए सजा निर्धारित की।

### चांदी की रिंग चोरी करने के मामले में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाई करते हुए कम्पनी से चांदी की रिंग



चोरी करने के मामले में आरोपी रामू सक्सेना को गिरफ्तार किया है। शमशेर सिंह जो ईम्पीरियल ऑटो कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, उसने थाना सदर बल्लभगढ़ में शिकायत दी कि उनकी कंपनी में पाइप असेम्बलिंग व इंडक्शन ब्रेजिंग का कार्य होता है, जिसमें चांदी की रिंग का उपयोग किया जाता है।

### वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने थाना एसजीएम नगर क्षेत्र में दर्ज वाहन



चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को चोरीशुदा स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरदीप निवासी गांव उड़दन जिला पटियाला पंजाब हाल निवासी एनआईटी-4 फरीदाबाद के रूप में हुई है। आरोपी को सेक्टर-56 क्षेत्र से चोरी की गई स्कूटी के साथ काबू किया गया।

### अवैध हथियार रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके



कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं। 2 फरवरी को क्राइम ब्रांच सिकरोना की टीम ने कार्रवाई करते हुए उज्वल निवासी गांव फतेहपुर चंदीला फरीदाबाद को मेट्रो फ्लैट सेक्टर-56 के पास से एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उक्त देसी कट्टा 5000 रुपए में मथुरा से लेकर आया था।

### 19.83 करोड़ रुपए की लागत आएंगी

# गुरुग्राम की 6 मुख्य सड़कों पर बनेंगे सर्विस रोड, 3 के लिए निकाले गए टेंडर

**महानगर विकास प्राधिकरण ने मिलेनियम सिटी की 6 मुख्य सड़कों पर यातायात को व्यवस्थित करने के लिए सर्विस रोड के निर्माण की योजना तैयार की है। इस सिलसिले में तीन मुख्य सड़कों पर सर्विस रोड निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने मिलेनियम सिटी की 6 मुख्य सड़कों पर यातायात को व्यवस्थित करने के लिए सर्विस रोड के निर्माण की योजना तैयार की है। इस सिलसिले में तीन मुख्य सड़कों पर सर्विस रोड निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि सर्विस रोड के बनने के बाद मुख्य सड़कों पर यातायात दबाव कम हो जाएगा।

जीएमडीए ने सेक्टर-51-57, सेक्टर-52-57, सेक्टर-51-52 को विभाजित करने वाली करीब साढ़े सात किमी लंबी सड़कों पर सर्विस रोड के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है। इसके ऊपर 19.83 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सर्विस रोड की लंबाई करीब साढ़े 7 किमी है। चार फरवरी को इन तीनों सर्विस रोड के निर्माण और मरम्मत को लेकर टेंडर खोला जाएगा। सर्विस रोड के निर्माण के




साथ-साथ हरित क्षेत्र को नीचे किया जाएगा। पैदल यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा जीएमडीए की तरफ से सेक्टर-30-31, सेक्टर-49-50 और आरडी सिटी से लेकर सोहना रोड तक जा रही मुख्य सड़क पर सर्विस रोड का निर्माण करने की योजना तैयार की जा रही है। इनमें से दो सड़कों पर सर्विस रोड का आधा अधूरा निर्माण है। अतिक्रमण की वजह से सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो सका है।

### लेन मार्किंग की जाएगी

जीएमडीए क मुताबिक सेक्टर-एक से लेकर सेक्टर-80 तक 100 किमी लंबी सड़कों पर थर्मोप्लास्टिक पेंट से लेन डिवाइडिंग की जाएगी। जेब्रा क्रॉसिंग का इंतजाम किया जाएगा। सड़क सुरक्षा चिन्हों को तैयार किया जाएगा। इस सिलसिले में जीएमडीए ने एक कंपनी के साथ अनुबंध किया है। लेन डिवाइडिंग होने के बाद वाहन निर्धारित लेन में चलेंगे।

### आरओबी की विशेष मरम्मत की जाएगी

जीएमडीए की तरफ से करीब एक किमी लंबे दौलताबाद रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत की जाएगी। इस सिलसिले में टेंडर जारी किया है। रेलवे स्टेशन को जोड़ रही सड़कों में सुधार करने की दिशा में इस टेंडर को जारी किया है। बता दें कि कुछ दिन पहले शहरी विकास के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने बैठक करके दिशा-निर्देश जारी किए थे।

### घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय

# विजिलेंस ने एसएचओ निवाड़ी को 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजिलेंस की टीम ने मंगलवार सुबह मोदीनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए निवाड़ी थाने के एसएचओ जयपाल सिंह रावत को 50 हजार रुपयए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब एसएचओ अबूपुर गांव के पूर्व प्रधान राकेश कुमार उर्फ बिट्टू से रिश्वत की मांग कर रहे थे। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### रिश्वत की विस्तृत जानकारी

पूर्व प्रधान राकेश कुमार उर्फ बिट्टू ने विजिलेंस टीम को एसएचओ जयपाल सिंह रावत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, एसएचओ बिट्टू से एक पुराने मामले में मदद करने के बदले 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। विजिलेंस टीम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जाल बिछाया और तय योजना के अनुसार, जब राकेश कुमार उर्फ बिट्टू एसएचओ को रिश्वत की रकम सौंप रहे थे, तभी टीम ने छापा मारा। मौके पर ही एसएचओ जयपाल सिंह रावत को 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश चौधरी उर्फ आकाश पुत्र** सुखवीर सिंह, **निवासी:** मकान नं0 50, गली नं0–3, तुकमीरपुर एक्सटेंशन, करावल नगर, दिल्ली, ने **CR. Case No. 6678/2024, FIR No. 22661/2024, U/S 305(B)/3(5)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, और 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CR. Case No. 6678/2024, FIR No. 22661/2024, U/S 305(B)/3(5)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, और 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आकाश चौधरी उर्फ आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, पूर्वी जिला,
कमरा नं0–03, द्वितीय तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1413/SHD/2026
(Court Matter)

### दोनों आरोपियों से की जा रही पूछताछ

## घर से आभूषण व नगदी चोरी के मामले में अपराध गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा सिकरोना की टीम ने कार्रवाई करते हुए घर से आभूषण व नगदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमंत निवासी गांव नोहझील बाजना जिला मथुरा हाल निवासी करनेरा फरीदाबाद तथा अनिल बघेल निवासी शिव कॉलोनी, फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया, जिसमें कान की बाली, 3 नाक की नथनी, दो जोड़ी पायल, 10 जोड़ी चुटकी, 3 सिक्के व 1 लॉकेट शामिल हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कैलाश निवासी नंगला एन्क्लेव पार्ट-1 फरीदाबाद ने शिकायत दी थी कि वह 1 जनवरी को अपने परिवार सहित गांव गया हुआ था। 6 जनवरी को पड़ोसी द्वारा सूचना दी गई कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। घर वापस आकर देखने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर से आभूषण व नगदी चोरी कर ले गए हैं।

### थाना छायंसा की टीम ने किया गिरफ्तार

## पॉक्सो एक्ट में जमानत लेने पीड़िता की उम्र के बारे में बनवाए फर्जी दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पोक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए पीड़िता की उम्र बारे फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने के एक मामले में थाना छायंसा की टीम ने मोहित निवासी गांव प्रहलादपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने थाना छायंसा में दी शिकायत में आरोप लगाया कि अगस्त 2025 में उसने आरोपी मोहित के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया गया था। मोहित ने अदालत से अपनी अग्रिम बेल करवाने के लिए शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना से तैयार करवा लिये। जिस शिकायत पर थाना छायंसा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के विरुद्ध थाना सदर बल्लभगढ़ में अगस्त 2025 में एक पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद ही वह फरार हो गया। उसने थाना सदर बल्लभगढ़ में दर्ज पोक्सो एक्ट के मामले में अग्रिम जमानत लेने के लिए अपने भाई व अन्य के साथ सांठगांठ कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना से शिकायतकर्ता की बेटी की उम्र बारे फर्जी दस्तावेज तैयार कराये थे। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### लोकल टू ग्लोबल मंत्र से शिल्पकार बन रहे आत्मनिर्भर

**फरीदाबाद।** 39 वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में इस वर्ष सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में स्थापित भारत ट्यूलिप पवेलियन पर्यटकों और खरीदारों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह पवेलियन विरासत से वैश्विक बाजारों तक के विजन पर आधारित है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य शिल्पकारों को बिना किसी बिचौलियों के सीधे बाजार और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोडऩा है। भारत ट्यूलिप पवेलियन में फरीदाबाद की स्थानीय शिल्पकार श्यामावती द्वारा स्टॉल नम्बर 503 लगाई गई है, जो मिट्टी के बर्तनों के कारण आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उनकी स्टॉल पर मिट्टी से बनी कढ़ाई, पानी की बोतलें और अन्य रसोई उत्पादों का विस्तृत संग्रह मौजूद है, जो पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा दे रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1031 दिनाँक: 02.02.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म पर एनएनओ, एसएसबी, एनयूआर, बीवीएच और यात्री सुविधाओं (दूरसंचार) के लिए संतुलित कोच मार्गदर्शन प्रणाली का प्रावधान तथा एनडीएलएस स्टेशन के पुनर्विकास के कारण जिन स्टेशनों पर ट्रेन संचालन सुविधा शुरू की जानी है, वहां संतुलित आईपीआईएस स्वचालित घोषणा, टीआईडीबी आदि का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,79,60,613.08 /–मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,39,800.00 /– मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.02.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 **368/2026** |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## निगम सफाई कर्मचारियों ने कर्मचारियों की वार्डबंदी के खिलाफ प्रदर्शन कर निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय नगर निगम मुख्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते हुए एनआईटी विधानसभा के विधायक सतीश फागना द्वारा एनआईटी के 9 वार्डों में सफाई कर्मचारियों की 50-50 कर्मचारी को लगाने के वार्डबंदी के विरोध में नगर निगम आयुक्त कार्यालय के समक्ष नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की मंच का संचालन महेंद्र कुडिय़ा ने किया। इस मौके पर प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र सिंह को कर्मचारियों की मांगों व उनके समाधान का 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि विगत 1 फरवरी को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के वित्तायुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया था।

### कूड़े के ढेर लगे, टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई

प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि बड़े नालों की सफाई की जिम्मेदारी एमई ब्रांच व चीफ इंजीनियर की है और फरीदाबाद के इतने बड़े आयोजन अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में वीआईपी ड्यूटी दे रहे सफाई कर्मचारी पिछले 1 सप्ताह से सुपरवाइजर उपराष्ट्रपति के आगमन की तैयारी में लगे हुए थे। जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था में कुछ खामियां निरीक्षण के दौरान पाई गई थी परन्तु बड़खल व एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से कूड़ा उठाने के कार्य में लगी जेसीबी व ट्रेक्टर-ट्रालियों का टेंडर समय पर नहीं हो पाया था। जिसके चलते शहर में कूड़े के ढेर लगे हुए और टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने नगर निगम आयुक्त धीरेन्द्र सिंह से मांग की है कि सफाई दरोगाओं को तुरन्त बहाल करें।

### कूड़े में नवजात का शव मिला

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित अग्निशमन कार्यालय के पास एक कूड़े के ढेर में काली पन्नी में लिपटा नवजात का शव मिला। मंगलवार को करीब दो बजे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों की नजर पन्नी पर पड़ी। संदेह होने पर जब उन्होंने पास जाकर देखा तो पन्नी के भीतर नवजात शिशु पाया गया।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | वार्ड नं. 15, नगर परिषद बहादुरगढ़ में विभिन्न सीसी गली का निर्माण और नाला की मरम्मत + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.02.2026 | रु. 1,87,71,584/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42646/I/88/7 दि. 03.02.26

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएस–9271 : 2004, आकार 80 मिमी ओ.डी, 160 मिमी ओ.डी, 200 मिमी ओ.डी, 294 मिमी ओ.डी के अनुरूप परफोरेटेड कॉरूगेटेड पीवीसी पाइप्स एवं फिटिंग्स की खरीद के लिए 02 वर्षीय दर अनुबंध। | 03.02.2026 17.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सुरक्षा हरियाणा कार्यक्रम (डब्ल्यूएसएचपी) के तहत उनमें कार्यों के विस्तृत आकलनों समेत विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी के सम्बन्ध में निविदा सूचना का प्रकाशन। | 02.02.2026 23.02.2026 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722585444 xenproject1pkl@gmail.com |
| 3 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में दो वर्ष के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के लिए निविदा। | 03.02.2026 12.02.2026 | ईएमडी 2.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | अजमाबाद मोखुटा ब्लॉक निजामपुर – चोराया से ढाणी ततला तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 4 कार्य। | 02.02.2026 09.02.2026 | 136.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nnl@gmail.com |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | डीजीसीए/बीसीएएस/एमओसीए इत्यादि द्वारा अपेक्षित अनुसार सभी सम्बद्ध मैनुअल्स की तैयारी, जमा करवाना, अनुमोदन, संशोधन और रखरखाव। | 03.02.2026 09.02.2026 | ईएमडी 40,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/100/42661/I/88/7 दि. 03.02.26

### एनकाउंटर पर सीएम योगी का जवाब

# हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है, अगर मारे न तो क्या गोली खाएं?

लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। यूपी में निवेश बढ़ा है और कानून-व्यवस्था अब मजबूत हुई है।



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जिले में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन कार्यक्रम है। इसमें सीएम योगी, उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ एमओयू किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा। सीएम योगी ने संबोधित करते हुए कहा, अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए?

#### एक वक्त यूपी के अंदर लोगों के मन में अविश्वास था

सीएम योगी ने कहा, अगर कानून को कोई आंख दिखाता है तो उसको कानून अपने तरीके से अपने दायरे में लाकर अपने हिसाब से समझाता है। कानून के साथ किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। एक वक्त यूपी के अंदर लोगों के मन में अविश्वास था, असुरक्षा थी, क्योंकि अराजकता थी। आज वो दूर की कौड़ी हो चुकी है।

#### यूपी को अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए

सीएम योगी ने कहा, यूपी को अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बेरोजगारी दर में यूपी सबसे न्यूनतम स्तर पर है। आज हमारे पास लैंड बैंक भी है। जब सभी लोग प्रयास करेंगे तो परिणाम आएंगे। हमने ललितपुर में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए लैंड अधिग्रहण की। पार्क के विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में सेंटर लेवल की लैबोरेट्री पहले से मौजूद है।

#### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

सीएम योगी कहा, हमने भू-माफिया टास्क फोर्स गठित की और मैंने कहा, 24 घंटे का समय दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस भी सरकारी भूमि पर जिस भू माफिया ने कब्जा किया है, उसको तत्काल छोड़ दे। 24 घंटे के बाद जब हम कारवाई करेंगे तो उसको जमीन तो छोड़नी ही पड़ेगी, लेकिन साथ-साथ उसने जो कमाई की होगी, उसकी ब्याज सहित वसूली करेंगे। आप आश्चर्य करेंगे कि हमारी 65000 एकड़ लैंड खाली हुई थी। यह हमारा लैंड बैंक बना था। उस लैंड बैंक में हमने निवेश भी करवाए।

#### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा

सीएम योगी कहा, हम प्रधानमंत्री जी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने रोलबैक करते हुए भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग था, और इसका परिणाम है 'सत्यमेव जयते'। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकसित भारत और बढ़ते भारत की यात्रा का प्रमाण है, जहां भारत एक जिम्मेदार और भरोसेमंद वैश्विक साझेदार के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रांची में सील होगी कॉमर्शियल बिल्डिंग



**रांची।** यहां व्यावसायिक भवनों में 24 घंटे के अंदर पार्किंग की व्यवस्था बहाल न होने पर भवन सील होंगे। पार्किंग एरिया में दूसरी गतिविधि होती मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासक सुशांत गौरव ने ये निर्देश दिए। केबुल ऑपरेटरों को बिजली के खंभों पर लगाए गए लगाए तार को शीघ्र हटाने की अंतिम चेतावनी भी दी।

### ब्लॉकों के एडीओ का वेतन रोका



**गोंडा।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं में मिल रही खराब प्रगति को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीडीओ अंकिता जैन ने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ब्लॉकों के एडीओ पंचायत का वेतन रोक दिया।

### सस्ते मकान और 5 नए एक्सप्रेस-वे देगी बिहार सरकार

### महिला, कृषि-शिक्षा और रोजगार पर खास जोर

# बिहार विस में रिकॉर्ड 3.47 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश, कर राजस्व 65,800 मिलने की उम्मीद

बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र यादव ने मंगलवार (3 फरवरी) को राज्य विधानसभा में बजट 2026-27 पेश कर दिया है। बजट पेश करते हुए फाइनेंस मिनिस्टर ने कहा कि इस साल का 3.47 लाख करोड़ रुपए का बजट पिछले साल के 3.17 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है...

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में 3.47 लाख करोड़ रुपए (3,47,589.76 करोड़ रुपए) का बजट पेश किया। नीतीश सरकार ने कहा कि इस बार का बजट 'ज्ञान, विज्ञान और अरमान' पर केंद्रित है। बजट में महिलाओं, कृषि, शिक्षा और रोजगार पर खास जोर दिया गया है। बजट पेश करते हुए राज्य के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने 'विकसित बिहार' को आकार देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी भूमिका की सराहना की।

बिजेंद्र यादव ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 2025-26 के 3.17 लाख करोड़ रुपए (3,16,895.02 करोड़) की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को 2026-27 में अपने कर राजस्व से लगभग 65,800 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री यादव ने कहा, वित्तीय वर्ष 2026–27 में बिहार का बजट 3,47,589.76 करोड़ रुपए है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट 3,16,895.02 करोड़ रुपए की तुलना में 30,694.74 करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के नारे न्याय के साथ विकास के अनुरूप सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए 7,724 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, यह बजट ईमान, ज्ञान, विज्ञान, अरमान और सम्मान पर विशेष ध्यान देते हुए तैयार किया गया है। यादव ने बहुचर्चित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का भी उल्लेख किया, जिसे पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों से पहले लागू किया गया था। इसे सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में निर्णायक माना जा रहा है।

उन्होंने कहा, 1.56 करोड़ महिलाओं के खातों में 10,000 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई। जिन्होंने इस राशि का उपयोग व्यवसाय शुरू करने में किया होगा, उन्हें जल्द ही अतिरिक्त दो लाख रुपए दिए जाएंगे।

#### खास बातें

- बजट 'ज्ञान, विज्ञान और अरमान' पर केंद्रित
- कर राजस्व से लगभग 65,800 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद



#### बजट की बड़ी बातें

- बजट के अनुसार, सालाना प्लान का खर्च लगभग 1.22 लाख करोड़ है, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग को सबसे बड़ा हिस्सा 18.33 प्रतिशत मिला है। इसके बाद शिक्षा (15.02 प्रतिशत), स्वास्थ्य (8.21 प्रतिशत), शहरी विकास और आवास (7.77 प्रतिशत), ग्रामीण कार्य (7.29 प्रतिशत), और सामाजिक कल्याण (6.86 प्रतिशत) हैं।
- अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के लिए 19,603.02 करोड़ रुपए और जनजातीय उप-योजना के लिए 1,648.41 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये राशियां विशेष रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों पर खर्च की जाएं। इन राशियों को एक 'माइनर हेड' के तहत रखा गया है।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के सामाजिक कल्याण के लिए 13,202.38 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में राज्य की मजबूत वित्तीय स्थिति पर भी जोर दिया गया। इसमें कहा गया कि 2024-25 में राजस्व घाटा जीएसडीपी का केवल 0.04 प्रतिशत था। हालांकि राजकोषीय घाटा 4.16 प्रतिशत था, जो 3.0 प्रतिशत की निर्धारित सीमा से अधिक था।
- मंत्री ने सदन को यह भी बताया कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करना है। तेजी से औद्योगिक विकास के लिए 5 लाख करोड़ रुपए का निजी निवेश आकर्षित करने के प्रयास कर रही है। राज्य की अपनी रेवेन्यू 2026-27 में 75,202.98 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें टैक्स रेवेन्यू 65,800 करोड़ रुपए होगा।

## पेज एक का शेष

### चुनावों में जीत...

कि केंद्र सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है। गठबंधन सरकार के सांसदों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में ये टिप्पणियां कीं।

### व्यापार समझौते पर ...

लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को अपने संसदीय और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए अपने अच्छे कामों की बदौलत लगातार चुनाव जीत रहा है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर काम किए बिना चुनाव नहीं जीता जा सकता। हमें जमीनी स्तर पर उतरकर जनता के कल्याण के लिए अच्छा काम करना होगा।

### इसके सहारे असंभव ...

प्रेरक संस्कृत सुभाषितम साझा किया। उन्होंने कहा कि इसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में देशवासियों का यही आत्मविश्वास निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों का आत्मविश्वास सबसे बड़ी ताकत साबित होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष के ...

आसन के समीप और महासचिव की मेज पर खड़े होकर पेपर फाड़कर उछाले और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिस पर पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने गंभीर रूप से आपत्ति जताते हुए एक प्रस्ताव लाकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के कुल 8 सांसदों मणिकम टैगोर, एस.वेंकटेशन, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, हिबी ईडन, प्रशांत पडौला, किरण रेड्डी, गुरजीत सिंह ओजला और डीन कुरियाकोस को बजट सत्र की शेष बची हुई समूची कार्यवाही से निलंबित कर दिया है। इसी के साथ उन्होंने सदन की कार्यवाही को 4 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। वहीं, बुधवार को राष्ट्रपति अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में अपना संबोधन दे सकते हैं।

**मैं देश का नेता प्रतिपक्ष हूं:** पक्ष-विपक्ष के बीच जारी इस तीखी नोकझोंक के बीच पीठासीन सभापति तन्नेटी ने कहा कि नेता विपक्ष खड़े हैं और उन्हें उनके दल के तथा अन्य विपक्षी सांसद बोलने नहीं दे रहे हैं। विपक्षी सांसद आसन को गलत तरीके से संबोधित कर रहे हैं। जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस देश का नेता प्रतिपक्ष हूं और मुझे बोलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए पीठासीन सभापति ने कहा कि सदन में हर किसी को आसन का सम्मान करना चाहिए। जब तक आसन से अनुमति न दी जाए। तब तक कोई कुछ नहीं बोल सकता है। राहुल ने कहा, राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में देखें तो आज का बड़ा मुद्दा वैश्विक स्तर पर अमेरिका-चीन के बीच बढ़ता विवाद है। ये हमारे अभिभाषण के भी केंद्र में था और इसी वजह से मैं भारत के चीन-पाकिस्तान से संबंधों पर अपनी बात रखना चाहता हूं। उन्होंने कहा, पूर्वी लद्दाख में विवाद था और हमारे जवान मारे गए। जिसे लेकर सत्ता पक्ष ने विरोध जताया व पीठासीन अध्यक्ष से कहा कि मैंने आपको कई बार बोलने की अनुमति दी है। लेकिन आप बोलना ही नहीं चाहते हैं। जिसके साथ ही कांग्रेस सांसद आक्रोशित हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

### सदन को गुमराह ...

है। उसे सदन में फिर से दोहरा नहीं सकते हैं। इस पर कांग्रेस से केसी. वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष नहीं सरकार सदन को गुमराह कर रही है। कल मैं और गौरव गोगोई लोकसभा अध्यक्ष से मिले थे। उनका कहना था कि सदन में किसी किताब, पत्रिका के अंशों का उल्लेख न किया जाए। ऐसे में मैं पूछना चाहता हूं कि ये सदन केवल सत्ता पक्ष है, हमारा नहीं है। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति भाजपा सांसद कृष्णा प्रसाद तन्नेटी थे। उन्होंने कांग्रेस के कुछ सांसदों द्वारा हंगामे के दौरान बोले गए कुछ शब्दों पर विरोध जताया।

### लोकसभा में बोलने ...

कर देता है, तो इसके बाद अध्यक्ष की भूमिका समाप्त हो जाती है और सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उस विषय पर जवाब दे। ऐसे में उन्हें बोलने से रोकना स्थापित परंपराओं के खिलाफ है। राहुल गांधी ने आशंका जताई कि उन्हें जानबूझकर राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर बोलने से रोका गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति के अभिभाषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी, जिस पर संसद में चर्चा होना आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में इस विषय पर बोलना उनका संवैधानिक अधिकार है। अपने पत्र में राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष को निष्पक्ष संरक्षक बताते हुए कहा कि सदन के हर सदस्य, विशेषकर विपक्ष के अधिकारों की रक्षा करना अध्यक्ष का संवैधानिक और संसदीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता और प्रत्येक सांसद को बोलने का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है।राहुल गांधी ने इस पूरे घटनाक्रम को संसदीय इतिहास में अभूतपूर्व बताया और आरोप लगाया कि सरकार के कहने पर पहली बार नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने से रोका गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर आघात बताते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

### प्रधानमंत्री ने किसानों ...

बयान जारी किया जाएगा।

**भारत संग मजबूत संबंध चाहता रूसः** उन्होंने कहा कि रूस भारत के साथ लगातार अपने संबंधों हर लिहाज से विकसित करने की इच्छा रखता है। रूस के उप-प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि सरकार पूरी स्थिति पर गंभीरता के साथ नजर बनाए हुए है। अभी तक उन्होंने इस बाबत केवल अमेरिका द्वारा दिया गया सार्वजनिक बयान ही देखा है। फिलहाल कुल मिलाकर मामले में हमारा ध्यान परिस्थिति के आगे बढ़ने यानी कैसे यह विकसित होती हैं? उस पर केंद्रित है। रूस हालांकि इसे लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है कि उसके ऊर्जा संसाधन वैश्विक स्तर पर लगातार मांग में बने हुए हैं। क्योंकि यही सप्लाई और मांग के बीच संतुलन को बनाए रखने में मददगार हैं। अभी हमारे सभी संसाधनों की मांग बनी हुई है। सप्लाई को हमेशा मांग मिल जाती है। जिससे संतुलन बना रहता है।

**रूसी ऊर्जा मंत्रालय ने रखा पक्षः** रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भी अभी तक भारतीय रिफाइनरी के पक्ष से अपने समझौतों को रद्द करने के संबंध में कोई नोटिस नहीं मिला है। गौरतलब है कि 2021 तक रूस के कच्चे तेल की खरीद में भारत की भागीदारी 0.2 फीसदी की रही। भारत जो कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। वह 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए गए आक्रमण के बाद से मास्को का सस्ते दाम पर बना हुआ सबसे बड़ा तेल खरीददार देश है। इसके अलावा इराक भी रूस की तरह ही समान रूप से भारत को तेल सप्लाई कर रहा है। जिसमें उसके द्वारा दिसंबर-2025 तक लगभग 9 लाख 4 हजार बैरल प्रतिदिन तेल बेचा जा रहा था। जबकि सऊदी अरब ने जनवरी तक भारत को की गई तेल खरीद को बढ़ाकर 9 लाख 24 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया है।

**डील पर बोलना चाहता था, कांग्रेस ने रोकाः गोयलः** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका व्यापार समझौते पर कुछ बातें मीडिया के समक्ष रखी और कहा कि ट्रेड डील से जुड़े वार्ताकारों के दलों के बीच समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। इसलिए अभी तक इसे लेकर विस्तार से कुछ नहीं कहा गया है। आज मैं संसद में भी समझौते पर बोलना चाहता था। लेकिन मुझे राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष खासकर कांग्रेस के हंगामे के चलते अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला।

### किसानों के हित...

आम जनता की तरफ से आभार जताया था। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत को लेकर भी प्रसन्नता जाहिर की थी और वैश्विक शांति स्थापना को लेकर किए जा रहे उनके प्रयासों को भारत की तरफ से पूर्ण समर्थन देने की भी बात कही थी।

### भारत ने नहीं ....

तेल की खरीद रोकने पर सहमत हैं। साथ ही वो अब अमेरिका से और अधिक तेल खरीद के इच्छुक हैं। जिसमें उच्च-संभावना के साथ वेनेजुएला भी शामिल है। पेसकोव के मुताबिक, हमें इस मामले पर नई दिल्ली से कोई बयान नहीं मिला है।

### यह न्याय व्यवस्था ....

कराया जाए। साथ ही, मामले को फरवरी 16 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया।

**इसे नजरअंदाज नहीं कर सकतेः सीजेआईः** मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कुछ जज बेहद मेहनती होते हैं, कई मामलों की सुनवाई कर फैसले सुरक्षित रखते हैं, लेकिन फिर लंबे समय तक निर्णय नहीं देते। यह व्यक्तिगत आरोप नहीं है, बल्कि पूरी न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है। यह बीमारी है और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता।सीजेआई ने यह भी चिंता जताई कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी केस को बार-बार आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। सीजेआई ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि फैसला सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर सुनाया न हो।

### जनरल नरावणे ने...

पूर्व सेनाप्रमुख ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के एक पूर्व बयान का भी उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने भी एक सम्मेलन के दौरान कहा था कि हमेशा लोग कहते हैं कि इतना वर्गमीटर इधर या उतना वर्गमीटर उधर चला गया है। मैं अपनी बात दोहराते हुए कहूंगा कि कुछ भी बोलने से पहले इन सभी को इतिहास पढ़ने की आवश्यकता है। सब कुछ साफ हो जाएगा।

**चीन को दिया जैसे को तैसा वाला जवाबः** जनरल नरावणे ने स्पष्ट किया कि भारत ने कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं पर कब्जा किया और उसके साथ ही चीन को हमारी ओर से करारा जवाब दे दिया गया था। इसके अलावा हमने इस विवाद के दौरान हुए पहले एक्शन (गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प) में भी उन्हें (चीन) नुकसान पहुंचाया था। जिसके बाद उनको भी पता चल गया था कि उनकी यह जो रणनीति है। वह भारत के साथ आगे नहीं चलेगी और फिर उनके तेवर भी ठंडे पड़ गए थे। पूर्व सेनाप्रमुख ने एलएसी विवाद के दौरान दिसंबर 2022 में पूर्वी सेक्टर में भारत-चीन सेनाओं के बीच हुई एक झड़प का भी जिक्र किया। साथ ही ये भी बताया कि जहां तक मेरी जानकारी है तो अभी हमारी चीन से लगी हुई सीमा (एलएसी) पर जो सैन्य प्रोटोकॉल हैं। उनका पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

**अक्टूबर 2025 में समाप्त हुआ विवादः** गौरतलब है कि एलएसी विवाद भारत और चीन के बीच करीब पांच वर्ष से कुछ अधिक समय तक चला था। लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म कराने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर हुई दर्जनों से अधिक बैठकों और उसके बाद अंत में 2025 में रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर यह विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ था। जिसकी घोषणा भारत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की थी। इसी के साथ दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को पहले की तरह पूरी तरह से सामान्य बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। इस बाबत अब तक कई महत्वपूर्ण कदम जैसे कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत, पर्यटन-बिजनेस व अन्य वीजा की बहाली, पुराने व्यापारिक मार्गों को खोलने के साथ ही दोनों देशों की राजधानियों सहित अन्य प्रमुख शहरों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं का आगाज मुख्य हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में चोरी ...

एंगल ग्राइंडर का उपयोग कर काटकर चोरी किया था। स्थानीय पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी की फुटेज में एक सफेद रंग की कार में कुछ नकाबपोश लोग जाते हुए देखे गए हैं। पुलिस ने कबाड़ बेचने वालों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि देखने पर तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं। आमजन से भी मामले पर कोई भी सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस के साथ उसे साझा करने की अपील की गई है।

**इस प्रतिमा के साथ हुआ पहला मामला नहीं:** यहां ये भी स्पष्ट कर दें कि मेलबर्न में बापू की इस प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले वर्ष 2021 में इसकी केंद्र में स्थापना के दौरान जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने उद्घाटन किया था। तो उसके कुछ समय बाद ही प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी। जिस पर भी भारत ने सख्ती के साथ विरोध जताया था।

### युमनाम खेमचंद सिंह ...

समय सीमा देते हुए उसे निर्देश दिया कि वह अपनी रिपोर्ट 'जितनी जल्दी हो सके, लेकिन 20 मई, 2026 से पहले' प्रस्तुत करे। आयोग को 3 मई, 2023 को मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा की जांच करने, इसके कारणों की पड़ताल करने और अधिकारियों की प्रतिक्रिया का अध्ययन करने का कार्य सौंपा गया है।

**मणिपुर की राजनीति में अनुभवी नेता हैं युमनाम खेमचंदः** युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं। खेमचंद 2012 से ही इस सीट से जीतते आ रहे हैं। हालांकि, उनकी शुरुआत तृणमूल कांग्रेस से हुई। 2012 में वे इसी पार्टी के टिकट पर पहली बार चुनाव जीते थे। बाद में युमनाम भाजपा में शामिल हो गए और 2017 और 2022 में लगातार इसी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत हासिल की। 2017 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें मणिपुर विधानसभा का स्पीकर भी नियुक्त किया और वे राज्य में भाजपा की सरकार बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले नेता बने।

युमनाम बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी बने। बताया जाता है कि 2022 के विधानसभा चुनाव, जिसमें भाजपा ने 32 सीटें जीती थीं, उसके नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा में होड़ मच गई थी। दरअसल, एन बीरेन सिंह को तब भाजपा के दूसरे नेता थोंगम बिस्वजीत सिंह से चुनौती मिली थी। इस दौरान खबरें आई थीं कि भाजपा ने युमनाम खेमचंद सिंह को भी दिल्ली बुलाया है और मुख्यमंत्री के तौर पर उनके नाम की भी चर्चा चल रही है। हालांकि, बाद में एन. बीरेन सिंह ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और सीएम पद अपने पास रखने में कामयाब हुए। बीरेन सिंह सरकार में खेमचंद को शिक्षा, आवास विकास, निकाय प्रशासन समेत कई मंत्रालय सौंपे गए।

### एसआईआर पर अखिलेश यादव ने कहा

# कागजी फार्मेट नहीं होना चाहिए फॉर्म-7 में हो रही है धांधली



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में चल रही एसआईआर को लेकर विपक्ष लगातार नए आरोप लगा रहा है। इसी कड़ी में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर के फॉर्म-7 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया और सूबे की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कागजी फार्मेट नहीं होना चाहिए। कोई एक ऐसा फॉर्म आए, जिसपर नंबरिंग हो और होलोग्राम लगा हो और अबतक के जमा सारे फॉर्म-7 रद्द होने चाहिए। फार्म जमा करने के समय की सीसीटीवी निकाली जाए। जो भी आरोपी पकड़ा जाए, उसके उपर एफआईआर दर्ज करके उसके ऊपर राज्य के खिलाफ साजिश करने और 420 सी का मुकदमा चले।

उन्होंने कहा, 'मुझे भी लोकसभा छोड़ कर के आपसे बातचीत करने मौका मिला. फॉर्म सेवन को लेकर के पूरे प्रदेश से जगह-जगह से खबर आ रही है। उसमें भारतीय जनता पार्टी बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी कर रही है। जिस समय से मुझे ये सूचना मिलनी शुरू हुई, उसी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हासिल करा दी और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत भी की और हमारे कार्यालय के पदाधिकारी जानकारी हासिल करना शुरू किया और चुनाव आयोग को लिखित शिकायतें दी हैं। लिखित शिकायतें देने के बाद फॉर्म सेवन की धांधली के सबूतों के बाद हमारी मांग है कि डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था हो। कागजी फॉर्मेट नहीं, फॉर्म हो मतलब हर फॉर्म पर नंबरिंग हो।

### कोडीन सीरप मामले में बड़ा खुलासा


# गणपति फार्मा के त्रिपुरा, झारखंड से कनेक्शन पर एसआईटी टीम रवाना




एजेंसी ▶▶ बस्ती

जिले में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ चल रही जांच में एक बड़ा मोड़ आया है। कोडिन सिरप की बड़ी खेप की तस्करी के मामले में स्थानीय फर्म गणपति फार्मा की संदिग्ध भूमिका उजागर होने के बाद अब इसके तार दूसरे राज्यों से जुड़ते नजर आ रहे हैं।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की शुरुआती जांच में पता चला है कि इस रैकेट का नेटवर्क त्रिपुरा, झारखंड और वाराणसी तक फैला हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिनन्दन की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एसआईटी की तीन विशेष टीमों को संबंधित राज्यों के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बनी एसआईटी अब इस अंतरराज्यीय गिरोह की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि गणपति फार्मा के माध्यम से कुल 1.72 लाख कोडिन सिरप की शीशियों का लेनदेन संदिग्ध है। दस्तावेजों की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि इनमें से 4,000 शीशियों की आपूर्ति त्रिपुरा में की गई थी।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style

# तापसी

## एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ▶▶ जयपुर

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।



हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्रादा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।




# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

***लॉस एंजिल्स।*** *संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामांकन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

# आम बजट में एआई, सेमीकंडक्टर और 'ऑरेंज इकोनॉमी' पर विशेष ध्यानः केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता में केन्द्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत' का स्पष्ट रोडमैप बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप है।

*»* ***केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' का रोडमैप***

*»* ***प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समावेशी बजट जन आकांक्षाओं को करेगा पूराः केंद्रीय मंत्री सिंधिया***


प्रेसवार्ता करते केंद्रीय मंत्री सिंधिया।

### समृद्ध भारत का रोडमैप है बजट

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

#### भविष्य की जरूरतों का रखा गया है ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों की बात की है। मोदी सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की है, लेकिन साथ में उन्होंने आगामी भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर्स, पर्यटन और एआई के लिए सौगातों की बौछार कर दी है।

### सिंधिया ने बताई भारतीय अर्थव्यवस्था और बजट की प्रमुख विशेषताएं

- भारत की जीडीपी पिछले दस वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है।
- अप्रैल से दिसंबर के बीच महंगाई दर घटकर मात्र 1.7% रही है, जो विश्व में सबसे कम है।
- राजकोषीय घाटे को 4.4% तक सीमित रखा गया है और अगले वर्ष इसे 4.3% तक लाने का लक्ष्य है।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को 2014 के 2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया है।
- बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर (10 नए फैब्स) और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (ऑडियो-विजुअल एवं गेमिंग) पर विशेष ध्यान दिया गया है।
- उत्तर-पूर्वी राज्यों के बजट में 50% की वृद्धि करते हुए 6,800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा टेलीकॉम क्षेत्र के लिए 72,000 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

---

## रोहतक में स्पेशल ओलंपिक भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप का सीएम ने किया शुभारंभ

# स्पेशल ओलंपिक केवल खेल नहीं आत्मविश्वास व नेतृत्व का आंदोलन

### नायब सैनी ने कहा दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए हरियाणा में बनेगा विशेष स्टेडियम

- सीएम ने स्पेशल ओलंपिक भारत को 31 लाख तथा खेल राज्य मंत्री गौतम ने 21 लाख अनुदान देने की भी घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष स्टेडियम बनाया जाएगा। स्पेशल ओलंपिक में शामिल होने वाले खिलाड़ी चुनौतियों को पार करते हुए यह संदेश दे रहे है कि यदि अवसर, प्रशिक्षण और विश्वास मिले, तो हर व्यक्ति असाधारण बन सकता है। स्पेशल ओलंपिक केवल खेल नहीं, आत्मविश्वास और नेतृत्व का आंदोलन है। एमडीयू में स्पेशल ओलंपिक्स भारत का आयोजन होना हरियाणा ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का मंच नहीं, बल्कि यह मानव आत्मा की शक्ति, आत्मविश्वास और असीम संभावनाओं का उत्सव है। ऐसा कहना है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का। वे मंगलवार को रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में स्पेशल ओलंपिक भारत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने स्पेशल ओलंपिक भारत को 31 लाख व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।


रोहतक। मदवि रोहतक में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ करते सीएम नायब सिंह सैनी साथ में हैं खेल राज्य मंत्री गौरव, स्पेशल ओलंपिक्स भारत की प्रेसिडेंट, डॉ. मल्लिका नड्डा व अन्य।


रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप के दौरान उपस्थित जन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा में खेलों के लिए दोगुना किया बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूरे राज्य में खेल सुविधाएं विकसित करने पर पिछले 11 सालों में 989 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। खेल विभाग का बजट भी बढ़ाकर दोगुना से ज्यादा कर दिया है। राई में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। वर्तमान में राज्य में 3 राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला स्तरीय खेल स्टेडियम, 25 उपमंडल स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर, 245 ग्रामीण स्टेडियम तथा गांवों में 382 इनडोर जिम उपलब्ध हैं। 10 स्विमिंग पूल, 11 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, 14 हॉकी एस्ट्रोटर्फ के साथ ही 16 जिलों में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में सुविधा केन्द्रों का निर्माण 3 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

### खेलों में अग्रणी भूमिका निभा रहा हरियाणा : डॉ. नड्डा

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि प्रदेश में खेल केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। पीएम के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में खेलों के बजट को बढ़ाया गया है। यह प्रधानमंत्री की दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को मुख्यधारा में जोड़ना है ताकि वे विकसित भारत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

### नाभा स्थित हीरा महल में मुख्यमंत्री ने कहा 2027 में पंजाब में भी बनेगी भाजपा सरकार



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में पीएम मोदी के नेतृत्व में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार बनते ही दिल्ली से जो योजनाएं हरियाणा व अन्य राज्यों में लागू है वह सभी योजनाएं यहां पर लागू करने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह बात मंगलवार को नाभा स्थित हीरा महल में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। पंजाब हमारा परिवार है, हमारी रिश्तेदारियां पंजाब में है। पंजाब और हरियाणा की छत व वेड़ा भी एक ही है। हमारी संस्कृति व संस्कार सब एक है। पंजाब के लोग आप और कांग्रेस की बड़ी-बड़ी बातों को समझ चुके है, ये लोग बातें बहुत करते है लेकिन हकीकत में कुछ नहीं करते, लोग इनसे तंग आ चुके है। पंजाब में आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी का है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

## दस दिन में करना पड़ेगी 2 लाख 27 हजार लॉजिकल डिस्पेंसी वाले वोटर्स की सुनवाई

*»* ***सवा दो लाख मतदाताओं की बढ़ी परेशानी, सही नाम का पेश करना पड़ेगा***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मैपिंग कराने के बाद ड्राफ्ट रोल में नाम शामिल कर लिए गए हैं, लेकिन अचानक से आयोग ने जिले में लॉजिकल डिस्पेंसी के नाम पर सात लाख से अधिक मतदाताओं के नाम, उम्र, पिता, पति के नाम में गड़बड़ी का खुलासा किया है। जिसके बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने 2 लाख 27 हजार 129 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए हैं। इन मतदाताओं को गड़बड़ी को ठीक कराने के लिए दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे, ऐसा नहीं करने पर वोटर लिस्ट से नाम काट दिया जाएगा।

आयोग के हिसाब से 14 फरवरी तक सुनवाई और नए फार्म के निराकरण का काम पूरा किया जाना है। ऐसे में नए 91 एईआरओ को रोजाना करीब ढाई सौ मतदाताओं की सुनवाई करना पड़ेगी। जिसके बाद ही 14 फरवरी तक इतने अधिक मतदाताओं की लॉजिकल डिस्पेंसी को खत्म किया जा सकेगा। इधर जिन मतदाताओं के नाम में गड़बड़ी को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं, उनका कहना है कि गणना पत्रक भरने के दौरान ही दस्तावेज लेकर इस गड़बड़ी को ठीक किया जाना चाहिए था।

ड्राफ्ट रोल के बाद नोटिस देकर दस्तावेज मांगना सही नहीं है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नौ मैपिंग के साथ लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है।

### गोविंदपुरा, नरेला में सबसे ज्यादा गड़बड़ी

लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं में सबसे ज्यादा तादाद गोविंदपुरा में 82 हजार 486 और नरेला में 69 हजार 797 मतदाता शामिल हैं। जबकि हुजूर में 52 हजार 423, मध्य 46 हजार 669, बैरसिया में 35 हजार 677, उत्तर 40 946 और दक्षिण पश्चिम में 18 हजार 656 मतदाता हैं। इस संख्या में नो मैपिंग वाले मतदाता भी शामिल हैं। अब तक नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले एक लाख 19 हजार 525 मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है।

### नए नाम, आपत्ति और संशोधन भी

नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई के साथ एसडीएम स्तर पर आपत्तियों का निराकरण, नए नाम जोड़ना और नाम, पता और विधानसभा बदलवाने वाले मतदाताओं के फार्म का निराकरण भी करना पड़ेगा। जिसके बाद 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

### गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान में प्रबंधन सराहनीयः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर उत्कृष्ट प्रबंधन, वन संरक्षण की प्रतिबद्धता और सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन और वन संपदा की दृष्टि से मप्र में भी इस क्षेत्र में कार्यों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां प्राप्त अनुभवों और बेहतर व्यवस्थाओं का अध्ययन कर मप्र के वन क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों को अधिक समृद्ध, आकर्षक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में भी पर्यटन की दृष्टि से वन पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। टाइगर प्रबंधन के लिए वन विभाग के अमले में बढ़ोतरी की गई है। गिर राष्ट्रीय उद्यान के भ्रमण के दौरान वन पर्यटन व्यवस्थाओं को देखने का अवसर मिला। गुजरात में वन विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री-काल से आज तक उच्च स्तर पर विकास हुआ है। आशा है, मप्र में भी इससे दिशा प्राप्त कर बेहतर प्रबंधन किए जाएंगे।

#### का बना नया रिकार्ड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत स्वामी महाराज के 92 वें जन्मजयंती महोत्सव में 15 हजार 666 बच्चों को एक साथ स्वामी जी की ओर से रचित 'सत्संग दीक्षा' ग्रंथ के 315 श्लोकों का पाठ किए जाने को एक उपलब्धि बताया। इस गतिविधि का नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी बना है। मुख्यमंत्री और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने महंत स्वामी महाराज से जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामीजी ने दोनों मुख्यमंत्रियों का पुष्पमाला से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गुणातितानंद स्वामी की अद्भुत महिमा एवं जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वडोदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने आत्मीय स्वागत किया।

---

## सिरसा गेट और खुर्सीपार में बनेंगे ग्रेड सेपरेटर, 77 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और ट्विन सिटी भिलाई-दुर्ग के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर यातायात को निर्बाध और तेज बनाने के लिए सिरसा गेट चौक तथा खुर्सीपार गेट चौक पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की सक्रिय पहल के बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए 77 करोड़ 36 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।



### जनआकांक्षाओं पर लगी मुहर

रायपुर और दुर्ग के बीच सिरसा गेट और खुर्सीपार चौक पर लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती थी। स्थानीय नागरिक और इस मार्ग से गुजरने वाले यात्री यहां फ्लाईओवर या ग्रेड सेपरेटर निर्माण की मांग लगातार कर रहे थे। जनता की इन आकांक्षाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव भेजा था, जिसे भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना में शामिल कर राशि स्वीकृत की है।

## ग्रीन गुफा की विरासत को 'इंसानी दखल' से बचाए सरकारः हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर के कांगेर वैली नेशनल पार्क स्थित ग्रीन गुफा को पर्यटन के लिए खोलने और वहां हो रहे निर्माण कार्यों के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार गुफा की विरासत को बचाने के लिए इसे आम जनता से दूर रखने जैसे कदम उठाना जारी रख सकती है। न्यायालय ने अब कांगेर वैली नेशनल पार्क के संचालक से इस मामले में विस्तृत शपथ पत्र मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि वन विभाग गुफा में गेट, सीढ़ी और पाथवे बनाकर इसे पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी में है, जो इसके अस्तित्व के लिए खतरा है। याचिकाकर्ता नितिन सिंघवी ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि निर्माण सामग्री से गुफा का माइक्रोक्लाइमेट और रासायनिक संतुलन बिगड़ सकता है।

## रंगोली बनाकर किया केंद्रीय बजट-2026 का स्वागत




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने केंद्रीय बजट-2026 में नारी शक्ति के लिए किए गए व्यापक, दूरदर्शी एवं सशक्त प्रावधानों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। बजट में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर खुशी व्यक्त की गई।

---

## रायपुर में सनी लियोन के कार्यक्रम पर बवाल, हिंदू संगठन ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन के आगमन से पहले ही विरोध शुरू हो गया है। हिंदू संगठन ने इस कार्यक्रम का कड़ा विरोध जताते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से चेतावनी जारी की है। हिंदू संगठन के जिला संयोजक रवि वाधवानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कार्यक्रम आयोजकों को सीधे शब्दों में चेताया है। पोस्ट में लिखा गया है कि "रायपुर में अश्लील फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन को बुलाने वालों, कान खोलकर सुन लो राम जी के ननिहाल में किसी भी तरह की अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" बताया जा रहा है कि अभिनेत्री सनी लियोन का एक कार्यक्रम 22 फरवरी को रायपुर में आयोजित होना था। इस कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठन ने आपत्ति जताते हुए इसे भारतीय संस्कृति और सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है। हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि रायपुर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है और यहां इस प्रकार के आयोजनों को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। संगठन ने प्रशासन से भी इस कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की है। विरोध के बाद कार्यक्रम को लेकर आयोजकों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## वैनगंगा एक्सप्रेस में गूंजी किलकारी, चलती ट्रेन में महिला ने दिया बच्ची को जन्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सफर के दौरान रविवार को भिलाई और रायपुर के बीच चलती ट्रेन में एक महिला यात्री ने बेटी को जन्म दिया। वैनगंगा एक्सप्रेस में बच्ची के जन्म की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन ने त्वरित व्यवस्था करते हुए मां और नवजात को सुरक्षित आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया। महबूबनगर (हैदराबाद) से चांपा जा रही 25 वर्षीय अंकिता कुमारी अपने पति दिनेश कुमार के साथ एस-2 कोच में यात्रा कर रही थी। दुर्ग स्टेशन पार करने के बाद उन्हें अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ट्रेन में यात्रियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मदद की।

## किसान कल्याण वर्ष-2026-समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की है थीम

### किसानों की आय बढ़ाना ही सरकार का मूल ध्येय, कृषि वर्ष आयोजन के लिए सरकार ने तय की रूपरेखा

# कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र बनाया जाएगा, खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावाः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की आय में हर तरीके से वृद्धि करना ही हमारा मूल लक्ष्य है और यह उनकी फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने से ही संभव है। मप्र के एक करोड़ से अधिक किसानों के हित में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के समावेशी मॉडल, थीम पर वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र स्थापित किया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण वर्ष-2026 के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों, कृषि स्टार्टअप, कृषि आधारित रोजगार श्रृंखला को बढ़ावा, जिला-आधारित क्लस्टर्स का विकास को प्रोत्साहन देना प्रमुख लक्ष्य हैं।



### भोपाल में होगा 'आम महोत्सव'

किसान कल्याण वर्ष आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के संबंध में हुई इस बैठक में बताया गया कि आगामी मई माह में भोपाल में आम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में आम उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों और विशेषज्ञों की सहभागिता होगी। आम की खेती से संबंधित नई तकनीक पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण हमारे लिए एक मिशन है। इनके समग्रहित में इसके लिए कृषि वर्ष के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कृषि कैबिनेट भी की जाएगी। कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से की जाएगी। किसान हित के सभी जरूरी निर्णय फील्ड में होने वाली कृषि कैबिनेट में ही लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेती-किसानी से पर्यावरण में भी व्यापक सुधार आता है।

### *सितंबर में बालाघाट में होगा 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव'*

*किसान कल्याण वर्ष में सितम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में बालाघाट जिले में 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सिंघाड़ा उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं फसल विशेषज्ञों की ओर से सहभागिता की जाएगी। क्षेत्रीय किसानों को सिंघाड़े और मखाने की खेती से जोड़ने के लिए महोत्सव में किसानों के बीच इनकी खेती से मिलने वाले लाभों से जुड़ी जानकारियों का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।*

***नवंबर में नरसिंहपुर में होगा 'गन्ना महोत्सव'***

*कृषि वर्ष में नवम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में ही नरसिंहपुर जिले में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन सह गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।*

## चिंतन

# यूएस से ट्रेड डील रोजगार के नए मौके पैदा करेगी

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील को मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक निर्णायक और दूरगामी कदम है। पिछले एक वर्ष से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर जो असमंजस और अनिश्चितता बनी हुई थी, उसका सीधा असर भारत के निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन पर पड़ रहा था। उसका असर व्यापारियों और युवाओं के रोजगार अवसरों पर साफ दिखाई दे रहा था। इस समझौते ने उस माहौल को काफी हद तक समाप्त करने का संकेत दिया है और व्यापारियों, उद्योग जगत तथा युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। भले ही सौदे की पूरी शर्तें अभी सामने आनी बाकी हों, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे मौजूदा वैश्विक आर्थिक हालात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। सबसे अहम बात यह है कि भारत ने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारत की मजबूत कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी शर्तों पर बातचीत करने वाला देश बन चुका है। इस डील से 'मेड इन इंडिया' नई गति मिलने की उम्मीद है। जब निर्यात बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन बढ़ेगा और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। कपड़ा, चमड़ा, हीरा-जवाहरात, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इन सेक्टरों में लाखों लोगों को काम मिलता है और यही कारण है कि इस समझौते को रोजगार सृजन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। साथ ही, लोगों के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' को भी मजबूती मिलेगी। ट्रेड डील का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र को इससे अलग रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की है। यह दिखाता है कि सरकार ने वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू प्राथमिकताओं को नजरअंदाज नहीं किया। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद में कुछ कमी और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक संतुलन को साधते हुए आगे बढ़ रहा है। हालांकि वेनेजुएला से तेल खरीदना तकनीकी और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस डील का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया है। रुपये और सेंसेक्स की तेज उछाल इस बात का संकेत है कि निवेशकों ने इस समझौते का स्वागत किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह कहना कि इस डील में किसी के हितों से समझौता नहीं किया गया, सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उनका यह भी कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा की है, इस समझौते के संतुलित स्वरूप को रेखांकित करता है। यह डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों, गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। निर्यात बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यदि इस समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, तो यह भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।




संसद
कांतिलाल मांडोत

# सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने वाले की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी। राहुल गांधी का यह कहना कि "किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया'' भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि "मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है" केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।



कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के 100 मीटर तक भीतर आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।

सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं। एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार उठाया जाए। संसद केवल खाली हंगामा करने की जगह न बनें। क्योंकि सदन का जितना समय बार्बाद होगा आमजन का भी उताना ही नुकसान होगा। विपक्ष का कर्तव्य है कि व स्वस्थ और आमजन के मुद्दों पर बहस करे। न कि सदन को अखाड़ा बनाकर छोड़ दे। संसद लोगों के लिए योजनाएं और कानून बनाने के लिए है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

> संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी।

नीति और सत्ता
अम्बरीष प्रजापति



# न्यायिक दहलीज पर दम तोड़ते कानून

बीते कुछ समय से देश की शासन व्यवस्था में एक अजीबोगरीब दोहराव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार जब भी कोई महत्वाकांक्षी नियमावली या कानून पेश करती है, तो वह लागू होने से पहले ही उच्चतम न्यायालय के अवरोधों में फंस जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया समानता संबंधी दिशानिर्देशों पर लगी रोक इसी सिलसिले की एक ताजा मिसाल है। चाहे वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 'सत्यता जांच इकाई' का विवाद हो, डेटा सुरक्षा कानून की संवैधानिक चुनौतियां हों या प्रसारण विधेयक पर बढ़ता विरोध-यह सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। यहाँ बुनियादी मसला अदालती दखल का नहीं है, बल्कि उस कार्यप्रणाली का है जिसके तहत ये नियम गढ़े जा रहे हैं। जब बारीकी से तैयार किए गए कानून न्यायिक कसौटी पर बार-बार विफल होने लगें, तो यह नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता और उनकी संवैधानिक समझ पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सुधार या नियोजित भ्रम की रणनीति?**

यूजीसी के प्रकरण को ही लें। 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र ऐसे तमाम आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता, समता भाव स्थापित करने के लिए लाया गया और इसे शिक्षा जगत में सुधार के तौर पर प्रचारित किया गया, लेकिन इसकी अंतर्धारा ने सामाजिक समरसता के बजाय 'जातीय ध्रुवीकरण' को अधिक हवा दी। 'समानता' की शब्दावली का उपयोग करते हुए जिस तरह से पारंपरिक श्रेणियों और पहचानों को पुनर्जीवित किया गया, उसने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि नियमों में जानबूझकर छोड़ी गई अस्पष्टता किसी सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक बिसात है। आज की राजनीति नब्बे के दशक के सीधे टकराव वाली राजनीति से अलग है। अब जाति को मिटाने का संकल्प कहीं ओझल हो गया है; इसके उलट उसे 'पावर गेम' के एक नए सांचे में ढाला जा रहा है। जाति अब सामाजिक चेतना का विषय न रहकर सत्ता के प्रचार-प्रसार, वोट बैंक साधने का माध्यम बन गया है।

**जवाबदेही से बचता सत्ता का शीर्ष**

विडंबना देखिए कि जब भी कोई कानून अदालत में अटकता है, तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी चतुराई से आलोचना से बच निकलते हैं। दोष कभी समितियों पर मढ़ा जाता है, कभी मंत्रियों पर, तो कभी विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। यह वही पुराना मॉडल है- 'सफलता का श्रेय ऊपर, विफलता की जिम्मेदारी नीचे'। इस पूरी प्रक्रिया में असली 'निर्णय-केंद्र' हमेशा अदृश्य बना रहता है।

**हिंदुत्व और सामाजिक समरसता का क्षरण**


हिंदुत्व का विचार, जो मूलतः सांस्कृतिक एकात्मता और भेदभाव रहित समाज की बात करता था, इस 'पहचान वाली राजनीति' के कारण हाशिए पर जाता दिख रहा है। जब सामाजिक न्याय को लोक-कल्याण के बजाय मार्केटिंग के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज जुड़ने के बजाय बंट जाता है। यह न तो हिंदुत्व की जीत है और न ही सामाजिक न्याय की; यह केवल सत्ता को स्थिर रखने का एक खेल है।

**सुझाव**ः इस संवैधानिक और सामाजिक उलझन से निकलने के लिए सरकार को केवल कागजी बदलाव नहीं, बल्कि बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है। एआई आधारित सुरक्षा निगरानी केंद्रः सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 'एआई सुरक्षा निगरानी केंद्र' स्थापित किए जाएं। ये केंद्र आधुनिक तकनीक के जरिए किसी भी वर्ग, समुदाय के छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायतों का निष्पक्ष विश्लेषण हो सकेगा, जिससे मानवीय पूर्वाग्रह और जातीय द्वेष की गुंजाइश खत्म हो सकेगी और जो वास्तविक दोषी होगा उस पर कारवाई हो सकेगी। सरकार शैक्षणिक संस्थानो में जातिगत भेदभव मुक्त परिसर बनाकर जो समता मूलक भाव पैदा करना चाहती है। इस तरह समता मूलक, समरसता युक्त कैंपस बन सकेंगे।

**निष्कर्ष**ः लोकतंत्र केवल बहुमत के आंकड़ों से नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक और सामाजिक संवेदनशीलता से चलता है। जब नीति-निर्माण में बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी की कमी होती है, तो कानून अदालतों में अटकते हैं और जनता सड़कों पर उतरती है। भारत एक भावप्रधान राष्ट्र है, जहाँ भावनाओं का दोहन करना आसान है, लेकिन अब समय 'बुद्धि' से सोचने का है। चूंकि आज के दौर में 'कंटेंट' ही किंग है, इसलिए यह जरूरी है कि झूठे नैरेटिव्स के जाल में फंसने के बजाय सच जानने का प्रयास करें। क्योंकि किसी भी भ्रम का अंत केवल तार्किक चर्चा से ही संभव है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है



संकलित
## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
## प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रक्षा पर जोर रोजगार भाव विभोर

बजट को 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ यानी 15.2 प्रतिशत की वृद्धि करके देश की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। मिडिल क्लास के लिए न तो आयकर में कोई नई छूट का प्रावधान रखा गया और न ही गरीब मजदूरों के हित अथवा महंगाई से राहत के लिए कोई ऐसा कदम उठाया गया, जिससे उन्हें सुकून मिल सके। देश के उत्थान में युवकों का सबसे बड़ा योगदान होता है, किंतु बेरोजगारी कम करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें बेहतर नौकरी या रोजगार मिल सके। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के विषय में भी प्रयास करना चाहिए। कुल मिलाकर इस बार का बजट किसी भी वर्ग को बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं कर पाया है। – *संतोष अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### कक्षाओं में चैटजीपीटी, अब छात्रों के सीखने का आकलन कैसे


दुनिया के हर क्षेत्र के साथ साथ उच्च शिक्षा में भी जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और छात्र तथा शिक्षक पढ़ाई, सीखने और मूल्यांकन में चैटबॉट्स को शामिल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल प्रकृति को प्रभावित करने वाला है। कनाडा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 28 शिक्षकों पर आधारित एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि जब एल्गोरिदम मानव संज्ञान को सहारा दे सकते हैं या उसका अनुकरण कर सकते हैं, तब आकलन किस बात का होना चाहिए। एआई और अकादमिक ईमानदारी पर पिछले 15 वर्षों के शोध की समीक्षा से पता चला कि एआई शिक्षा के लिए दोधारी तलवार है। एक ओर, उन्नत टेक्स्ट जनरेटर और अनुवादक मानव-जैसा लेखन कर सकते हैं, जिससे नकल को पकड़ना और उसका पता लगाना ही कठिन हो गया है। साथ ही, ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी देते हैं या सामाजिक पूर्वाग्रह भी दोहरा सकते हैं। दूसरी ओर, एआई सीखने को अधिक समावेशी बना सकता है, विशेषकर दिव्यांग छात्रों या अतिरिक्त भाषा सीख रहे छात्रों के लिए।




## ऑफ बीट

### अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक

शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20–25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50–55 प्रतिशत तक पहुंच गया।



## ट्रेंड

### मोदी मेरे अच्छे दोस्त



पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, वे अपने देश में एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हम दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बात ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हमारी डील से दोनों देशों का विकास होगा।
**-डोनाल्ड ट्रंप,** राष्ट्रपति अमेरिका

### राहुल देश को गुमराह कर रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। अमेरिकी के साथ ट्रेड डील से देश को फायदा होगा। देश-विदेश में इसकी तारीफ हो रही है। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### इमेज तोड़ रहे मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### एसआईआर से लोग पीड़ित



पश्चिम बंगाल में कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। एसआईआर प्रक्रिया से लोग पीड़ित हैं। **-ममता बनर्जी,** सीएम, प. बंगाल

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# असम में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की कमान गौरव गोगोई के हाथ में दी, 35 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति का गठन

## गौरव गोगोई ही होंगे असम में मुख्यमंत्री का चेहरा

असम में कांग्रेस पार्टी की ओर से सीएम का चेहरा गौरव गोगोई होंगे। अब ये कमोबेश तय हो हो गया। शीर्ष नेतृत्व ने 35 सदस्यीय असम चुनाव अभियान समिति की कमान गौरव गोगोई के हाथों में सौंप दी है। इसके साथ ही आलाकामान ने कई पदाधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी है। यह राज्य में कांग्रेस की फतह के तहत कवायद की है।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

असम में कांग्रेस पार्टी की ओर से सीएम का चेहरा गौरव गोगोई होंगे। अब ये कमोबेश तय हो हो गया। शीर्ष नेतृत्व ने 35 सदस्यीय असम चुनाव अभियान समिति की कमान गौरव गोगोई के हाथों में सौंप दी है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा अगले महीने कभी भी की जा सकती है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने असम में संगठनात्मक स्तर पर बड़ी पहल की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति (प्रदेश इलेक्शन कमेटी) के गठन को मंजूरी दे दी है। यह समिति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

एआईसीसी के महासचिव, संगठन, के.सी. वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने असम प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति के गठन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।



इस समिति का उद्देश्य राज्य में चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देना, उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना और संगठन को चुनाव के लिए मजबूत करना है।

नवगठित प्रदेश चुनाव समिति में लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को अध्यक्ष बनाया गया है। उनके नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों, विधायकों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों को समिति में शामिल किया गया है।

### प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य इस प्रकार हैं

देबब्रत सैकिया, रकीबुल हुसैन, प्रद्युत बोरदोलोई, भूपेन कुमार बोरा, रिपुन बोरा, पबन सिंह घटोवार, वाजिद अली चौधरी, रोसिलिना तिर्की, जाकिर हुसैन सिकदर, प्रदीप सरकार, अरुण दत्ता मजूमदार, प्रणति फुकन, रानी नाराह, अब्दुल खालेक, दुर्गा भूमिज, अजीत सिंह, नंदिता दास, सिबामोनी बोरा, प्रद्युत भुइयां, ए.के. राशिद आलम और जदव स्वागिरी को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाया

इसके अलावा असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव, सभी अग्रणी संगठनों के प्रमुख, अनुसूचित जाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक, आदिवासी कांग्रेस विभागों तथा चाय बागान प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

कांग्रेस के इस कदम को असम में चुनावी तैयारियों की औपचारिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि विविध सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व वाली यह समिति राज्य में संगठन को मजबूत करेगी और भाजपा सरकार के खिलाफ सशक्त चुनावी चुनौती खड़ी करेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में कांग्रेस असम में जनसंपर्क अभियान, मुद्दा आधारित आंदोलन और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया को गति दी जाएगी ताकि समय से पहले उम्मीदवारों का चयन भी सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### अनंत जेल से सीधे पहुंचे बिहार विधानसभा



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले प्रचार के दौरान एक प्रत्याशी के करीबी की हुई हत्या के मामले में आरोपी अनंत सिंह ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यता की शपथ ली। वे अनोखे अंदाज में थे। कभी घोड़ों तो कभी बोली के कारण वायरल रहे बाहुबली ने बेउर जेल से बिहार विधानसभा का सफर किया।

### क्वानू के पास खड्ड में गिरी बस, 4 की मौत



**क्वानू।** हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) के नेरवा डिपो की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। हादसे में 4 लोगों की मौत की सूचना है। 33 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह 9:30 नेरवा से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस संख्या एचपी66 ए 2588 हरिपुर-कोटी-मीनस मार्ग पर क्वानू के पास नीचे शूदोई खड्ड में गिर गई। बस में 37 लोग थे।

### दो विमान के विंग्स टकराए कोई घायल नहीं



**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों की विंग्स आपस में टकरा गए। घटना के समय दोनों विमानों में यात्री सवार थे। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया। फ्लाइट एआई2732 मुंबई से कोयंबटूर जाने के लिए टेकऑफ से पहले टैक्सीवे पर खड़ी थी।

### मजीठिया ने रिहा होते ही आप पर बड़ा आरोप जड़ा



**लुधियाना।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया नाभा जेल से बाहर आ गए हैं। जेल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। मजीठिया के समर्थक जेल के बाहर डटे हुए हैं। जेल के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ भंगड़ा हो रहा है। मजीठिया करीब सात माह से नाभा जेल में बंद थे।

### दो 'अंग्रेजों' को मिला भारत छोड़ने का फरमान



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सीआईडी ने ब्रिटेन के 2 नागरिकों को 'भारत छोड़ने' का नोटिस जारी किया है। इन दोनों ब्रिटिश नागरिकों ने कथित तौर पर पुष्कर में 'सार्वजनिक जगहों' पर सियासी पोस्टर लगाए थे। इन पोस्टर्स पर 'फ्री फिलिस्तीन, बॉयकॉट इजरायल' का मैसेज लिखा हुआ था। यह एक्शन 21 जनवरी को रिपोर्टों के बाद लिया है।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आरोप

# संसदीय इतिहास में पहली बार अभिभाषण पर विपक्ष के नेता को बोलने से रोका गया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए व कॉम्प्रोमाइज्ड हैं और यह अभूतपूर्व है कि उन्हें जनरल नरवणे, एपस्टीन फाइल्स एवं अमेरिका के साथ ट्रेड डील जैसे मुद्दों पर संसद में बोलने से रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एपस्टीन खुलासों और अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ चल रहे केस से मोदी डरे हुए हैं, इसी कारण उन्होंने दबाव में आकर अमेरिका के साथ ट्रेड डील की है।

मंगलवार को संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में संसद में न बोलने दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मुद्दा पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब नहीं है। मुख्य बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉम्प्रोमाइज़्ड हैं।



### प्रधानमंत्री ने अचानक किए हस्ताक्षर

राहुल ने कहा कि जो सौदा पिछले चार महीनों से अटका हुआ था, उस पर प्रधानमंत्री ने अचानक सोमवार शाम को हस्ताक्षर कर दिए। नरेंद्र मोदी पर भयंकर दबाव है। उनकी जिस छवि को बनाने के लिए हजारों करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, वह गुब्बारा अब फूट सकता है। इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने नहीं दिया जा रहा है।

### दबाव में किए हस्ताक्षर

जब पत्रकारों ने राहुल गांधी से पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी पर आखिर किस तरह का दबाव है, तो उन्होंने बताया कि अडानी केस और एपस्टीन फाइल्स के संभावित ख़ुलासों के दबाव में आकर प्रधानमंत्री ने ट्रेड डील पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडानी पर चल रहा केस असल में नरेंद्र मोदी और भाजपा के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर हमला है। साथ ही उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल्स से जुड़ी बहुत बातें आनी बाकी हैं, जिन्हें अभी अमेरिका ने जारी नहीं किया है। इसलिए मोदी दबाव में हैं।

### किसानों के हित को बेच दिया

राहुल गांधी ने आगे कहा कि इस नए व्यापार समझौते में किसानों की मेहनत, खून-पसीने और देश के हितों को प्रधानमंत्री ने बेच दिया है, इसलिए उन्हें संसद में नहीं बोलने दिया जा रहा है ताकि मोदी जी के सरेंडर का ख़ुलासा न हो जाए। इससे पहले लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता ने फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया।

### राहुल ने बयानों का दिया हवाला

सत्ता पक्ष के लगातार व्यवधान के बावजूद राहुल गांधी ने 2020 में लद्दाख में चीन के साथ टकराव की स्थिति पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरण पर एक पत्रिका में छपे लेख का हवाला देते हुए कहा कि वह केवल यह बताना चाहते हैं कि चीन और भारत के बीच क्या हुआ और उस पर प्रधानमंत्री ने कैसी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें क्यों रोका जा रहा है? भाषण के दौरान जब उन्हें अपनी बात रखने से रोकने की कोशिश की गई, तो राहुल गांधी ने कड़े शब्दों में आपत्ति जताई। पीठासीन अधिकारी द्वारा 'अनुमति' शब्द के इस्तेमाल पर भी ऐतराज़ जताते हुए उन्होंने कहा कि वह नेता प्रतिपक्ष हैं और सदन में बोलना उनका संवैधानिक अधिकार है।

# मप्र को एक सुदृढ़ वित्तीय आधार प्राप्त होगा, निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा

## केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का संकलन नहीं है, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आधारित आर्थिक विकास का संरचित रोडमैप

केंद्रीय बजट का मूल उद्देश्य तेज एवं सतत आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाओं की पूर्ति, क्षमता निर्माण तथा सभी परिवारों, क्षेत्रों और सेक्टरों को समान अवसर उपलब्ध कराना है।

बजट में आत्मनिर्भरता को मार्गदर्शक सिद्धांत बनाकर उच्च विकास दर बनाए रखने के स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। यह बजट मध्यप्रदेश को सुदृढ़ वित्तीय आधार प्रदान करेगा। साथ ही निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा, जिससे मप्र के विकास की रफ्तार और तेज होगी और हमारा प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा। बजट में वैश्विक बाजारों से जुड़ाव, निर्यात विस्तार तथा दीर्घकालिक निवेश आकर्षण की रणनीति है, जिसका बहुत फायदा आने वाले सालों में मध्यप्रदेश को मिलेगा। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का संकलन नहीं है, बल्कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आधारित आर्थिक विकास का संरचित रोडमैप है। यह बजट मध्यप्रदेश को सतत विकासशील राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका अदा करेगा। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल भी मौजूद रहे।



### प्रदेश की प्रतिभाओं के बलबूते फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लगाएंगे छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अपनी प्रतिभाओं के बलबूते पर फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाएगा। सेमीकंडक्टर बड़ा सेक्टर है। मैं सेमीकंडक्टर को लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री से बात करके आया हूं। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 भारतीय तकनीक है, जिसके आधार पर मध्यप्रदेश में अत्याधुनिक उद्योग, डिजिटल निवेश के साथ देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। हमारे प्रदेश में जो उद्योग चल रहे हैं, वह अधिकांश परंपरागत आधारित हैं। आगे बढ़ने के लिए रिनोवेशन के साथ और अधिक प्रभावी कार्य किया जाएगा।

### सभी वर्गों की आशा आकांक्षाओं को पूरा करेगा बजट

डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स ईकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। इस बजट के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे। यह केंद्रीय बजट सभी वर्गों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा।


## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

# सुप्रीम कोर्ट के बैन के बाद भी क्यों की जा रही बुलडोजर कार्रवाई?

उत्तर प्रदेश के मामले पर उठाए सवाल

एजेंसी ⏭ इलाहाबाद

उत्तर प्रदेश में कथित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है।



मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नवंबर 2024 में बुलडोजर जस्टिस पर रोक लगाए जाने के बावजूद राज्य में दंडात्मक ध्वस्तीकरण की घटनाएं जारी हैं, जो कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने यूपी में इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने तल्ख टिप्पणी करते हुए ये बात कही है।

### इसे कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' बताया

हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की दो सदस्यीय पीठ ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या किसी अपराध के दर्ज होते ही किसी ढांचे को गिराना कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' नहीं है?पीठ ने कहा कि अदालत के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जहां एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद ही संबंधित लोगों को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया गया, और औपचारिक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का दिखावा करते हुए उनके घर या व्यावसायिक संपत्तियां गिरा दी गईं।

## यूजीसी के नए नियमों पर संघ बोला- समाज की एकता सर्वोपति



एजेंसी ⏭ मुंबई

यूजीसी के नए इक्विटी नियमों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने साफ किया है कि उसका मूल विश्वास समाज की एकता में है और उसे बनाए रखने के लिए संघ हर जरूरी कदम उठाएगा। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि समाज को जोड़कर रखना संघ की मूल विचारधारा का हिस्सा है।

## हरियाणा में 7 आईएएस अधिकारियों के तबादले

# विक्रम को हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड नई दिल्ली में प्रबंध निदेशक नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से 7 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। हिसार के मंडल आयुक्त रवि प्रकाश गुप्ता को शहरी संपदा वि8भाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। वे मंडल आयुक्त, हिसार के अपने वर्तमान पद को भी संभाले रहेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के महानिदेशक एवं सचिव अंशज सिंह को नरहरि सिंह बांगड़ के स्थान पर नागरिक उड्डयन सलाहकार तथा सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम को हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड, नई दिल्ली में प्रबंध निदेशक तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। जिला नगर आयुक्त, अंबाला तथा नगर निगम, अंबाला के आयुक्त वीरेंद्र लाठर को शिकायत निवारण विभाग में विशेष सचिव के साथ-साथ जिला नगर आयुक्त, अंबाला तथा नगर निगम, अंबाला का आयुक्त के वर्तमान पद पर बरकरार रखा गया है। रोहतक के उपायुक्त सचिन गुप्ता को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में अतिरिक्त सचिव तथा एचएसएमआईटीसी का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। वे रोहतक के उपायुक्त भी रहेंगे। कैथल की उपायुक्त अपराजिता को सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग का अतिरिक्त सचिव तथा निदेशक लगाया गया है। वे कैथल की उपायुक्त भी रहेंगी। नरहरि सिंह बांगड़ के नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे।

## पश्चिम बंगाल की सीएम बनर्जी ने नई दिल्ली में की प्रेस कॉफ्रेंस चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# मुख्यमंत्री ममता ने पूछा, भाजपा शासित असम में क्यों नहीं हो रहा एसआईआर?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। मंगलवार को उन्होंने नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता में एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, उन्हें अपना पक्ष रखने का उचित मौका नहीं दिया जा रहा। ममता बनर्जी ने इसे चुनाव से ठीक पहले की गई संदिग्ध कार्रवाई बताया।

ममता ने कहा कि चार राज्य बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम में चुनाव होने है। एसआईआर तीन राज्यों में हो रहा है, लेकिन भाजपा-शासित असम में नहीं। क्योंकि वह 'डबल इंजन' राज्य है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर केंद्र और चुनाव तंत्र पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि



कहा, मैंने चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया

एसआईआर के नाम पर जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, उन्हें अपना पक्ष रखने का उचित मौका नहीं दिया जा रहा। ममता बनर्जी ने इसे चुनाव से ठीक पहले की गई संदिग्ध कार्रवाई बताया।

ममता बनर्जी ने कहा कि उनके साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद लोग एसआईआर प्रक्रिया के पीड़ित हैं और ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। उनके अनुसार कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले सोमवार को वह प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने गई थीं और एसआईआर से प्रभावित लोगों को भी साथ ले गईं। ममता बनर्जी का कहना है कि बैठक के दौरान उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं हुआ, जिसके विरोध में उन्होंने बैठक छोड़ दी। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ बताया।

ममता ने कहा कि चार राज्य बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम में चुनाव होने है। एसआईआर तीन राज्यों में हो रहा है, लेकिन भाजपा-शासित असम में नहीं। क्योंकि वह 'डबल इंजन' राज्य है। पहले चरण में 58 लाख नाम हटाए गए हैं। पीड़ित लोगों को खुद का बचाव करने का कोई मौका नहीं दिया गया। हकीकत की जांच किए बिना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। हमारे लोग आयोग के प्रतिनिधिमंडल से मिले, फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की प्रेस को शायद यह अंदाजा नहीं है कि बंगाल में क्या हो रहा है। इसमें आपकी गलती नहीं है, यह आज की व्यवस्था की गलती है, जहां असली मुद्दे सही तरीके से सामने नहीं आ पाते।

मैं संसद की सदस्य नहीं हूं, इसलिए सीधे वहां नहीं बोल रही, लेकिन टीवी पर जो देखा, उसमें विपक्ष भी अपनी बात ठीक से नहीं रख पा रहा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने ही दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। एक राज्य की मुख्यमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त को छह पत्र लिखे, लेकिन एक का भी जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में सवाल यह है कि असल में बदतमीजी कौन कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### अदाणी पोर्ट के लाभ में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,043 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 2,518 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी का राजस्व 7,964 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,705 करोड़ रुपये हो गया।

### एनएमडीसी का लाभ 8% घटकर 1,747 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एनएमडीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,747.01 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने मंगलवार को तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। एनएमडीसी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 1,896.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, बैगेज नियमों में ढील दी गई

# सीमा शुल्क में सुधार से लोगों का जीवन होगा सुगम, उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने कहा है कि आम बजट में अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कैंसर के इलाज में काम आने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने, 'बैगेज' नियमों में ढील जैसे उपायों का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना है।

**सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाया गया**

चतुर्वेदी ने कहा कि इसके साथ ही सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाकर विनिर्माण को गति देने, घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। चतुर्वेदी ने कहा, ''अप्रत्यक्ष कर पर छूट और रियायतें सोच-समझकर दी गई हैं। हमने वहां कदम उठाया है जहां इसकी आवश्यकता थी।

## ढील देने का मकसद लोगों के जीवन को सुगम बनाना

### बाहर से 75 हजार तक शुल्क मुक्त सामान ला सकते हैं

उल्लेखनीय है कि 2026-27 के आम बजट में कैंसर के इलाज में काम आने वाली 17 दवाओं पर सीमा शुल्क हटा दिया गया है। इसके अलावा, सात और दुर्लभ बीमारियों के लिए शुल्क मुक्त दवाएं और खाने का सामान मंगाने की अनुमति दी गयी है। इसके साथ 'बैगेज' नियमों के तहत बाहर से 75,000 रुपये का शुल्क मुक्त सामान लाने की अनुमति दी गयी है जबकि पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।



### सामान लाने शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक की गई

चतुर्वेदी ने कहा, ''इसके अलावा हमने 'ट्रांसफर ऑफ रेजिडेंस' के तहत भारतीय मूल के लागों को तीन साल बाद वापस स्वदेश लौटने पर निर्धारित सूची के अनुसार सामान लाने के लिए शुल्क मुक्त सीमा 7,50,000 तक कर दी है। जो लोग कुछ कम समय के लिए रहे हैं, उनके लिए शुल्क छूट सीमा कुछ कम है।''

### मोनाजाइट में छूट दी गई

चेयरमैन ने कहा, ''इसी तरह ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देने लिए कदम उठाये गये हैं। इसके तहत परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में उपयोग होने वाले आयातित कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क में छूट के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण में इस्तेमाल लिथियम आयन सेल में उपयोग होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर भी छूट दी गयी है। इसके साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए स्थायी चुंबक में उपयोग होने वाले मोनाजाइट में छूट दी गयी है।

### छाते के आयात को हतोत्साहित किया गया

चतुर्वेदी ने कहा, ''इसी प्रकार, छोटे उद्योगों को ध्यान में रखकर छातों और उसके उत्पाद आयात को हतोत्साहित करने के लिए कदम उठाया गया है। अब छाते पर 20 प्रतिशत या प्रति इकाई 60 रुपये, जो भी ज्यादा हो, शुल्क लगेगा। इसके साथ छातों में उपयोग होने वाले कच्चे माल पर भी शुल्क लगाया गया है।''

### शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ाई गई

चेयरमैन ने कहा, ''निर्यात की बात करें, तो चमड़ा निर्यात का बड़ा क्षेत्र है। इसको देखते हुए जूते बनाने में जो भी कच्चे माल आते हैं उसके विनिर्माण के लिए हमने शुल्क मुक्त रियायत दी है। इसी प्रकार, समुद्री खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए हमने शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ायी है।''

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन' एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ



**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस, हरिद्वार में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम' का नौ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस में संपन्न हुआ। 22 से 30 जनवरी तक चला प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। यह कार्यक्रम योगदर्शन, मनोविज्ञान एवं आध्यात्मिकता पर आधारित था, जो आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिक चिंतन की दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग सिक्किम सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, समानता एवं योग के व्यापक प्रसार को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिटेशन, शंख वादन और हवन पूजन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग प्राचीन भारत की एक समग्र शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक साधना है। योग का उद्देश्य मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करना है, जिससे आत्म-साक्षात्कार, मानसिक शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है, तनाव कम होता है तथा अनुशासित जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि नेचुरोपैथी अर्थात प्राकृतिक चिकित्सा एक औषधि-रहित उपचार पद्धति है, जो शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को सक्रिय करती है। इसमें संतुलित आहार, जड़ी-बूटियाँ, जल एवं मिट्टी चिकित्सा, योग, प्राणायाम, उपवास, सूर्य चिकित्सा एवं एक्यूपंक्चर के माध्यम से रोगों के मूल कारणों का उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा एक प्रभावी पूरक उपचार पद्धति है, लेकिन गंभीर रोगों में अनुभवी चिकित्सक की सलाह अत्यंत आवश्यक होती है। साथ ही उन्होंने पतंजलि एवं सिक्किम सरकार के संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। पतंजलि वेलनेस के संदर्भ में डॉ. विनिता ने बताया कि आयुर्वेद एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर ही शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। उपचार की विधि रोग की प्रकृति, रोगी की स्थिति एवं विशेषज्ञ की सलाह के आधार पर निर्धारित की जाती है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वेदप्रिया आर्या ने पतंजलि की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. विशाल, सौरभ निर्मोही, डॉ. दीपिका, डॉ. विनिता सहित अन्य पतंजलि वैज्ञानिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर दो नए प्लेटफॉर्मों का हुआ निर्माण

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कटिहार मंडल के अधीन न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर दो नए अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाए हैं। यह यात्री-केंद्रित पहल स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बड़ा अपग्रेड है और इसका उद्देश्य यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाना, आसानी से चढ़ने और उतरने को सुनिश्चित करना, ऑपरेशनल दक्षता में सुधार करना और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे नेटवर्क के इस महत्वपूर्ण जंक्शन पर लंबी दूरी की बढ़ती ट्रेन सेवाओं को बेहतर तरीके से प्रबंधन करना है। इसके अलावा, संशोधित नंबरिंग सिस्टम के अनुसार, न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के मुख्य द्वार के साइड से बने नए प्लेटफॉर्मों को प्लेटफॉर्म संख्या 1 और प्लेटफॉर्म संख्या 2 नाम दिया गया है। मौजूदा प्लेटफॉर्म को सिस्टमैटिक तरीके से प्लेटफॉर्म संख्या 8 तक पुनः क्रमांकित किया गया है। पुराने प्लेटफॉर्म को इस तरह से रीलाइन किया गया हैः मौजूदा पीएफ-1A को पीएफ-3, पीएफ-1 को पीएफ- 4, पीएफ-2 को पीएफ -5, पीएफ-3 को पीएफ-6, पीएफ-4 को पीएफ-7 और पीएफ-5 को पीएफ-8 नाम दिया गया है। इस बदलाव का मकसद एकरूपता लाना, परिचालन भ्रम को कम करना और ट्रेनों की आवाजाही को अधिक सुचारू बनाना है। यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुलभ बनाने और कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के संशोधित प्लेटफॉर्मों के लिए लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को नामित किया गया है।




## स्टॉकहोल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड ने भारत के नए रिटेल निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए स्टॉकफिन 2.0 लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** स्टॉकहोल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड, जो कि स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और सेबी-पंजीकृत कॉरपोरेट स्टॉक ब्रोकर है, ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने निवेश ऐप स्टॉकफिन 2.0 के लॉन्च की घोषणा की। इस ऐप का अनावरण श्री मनोज मुतथिल अय्यप्पन, माननीय संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री राहुल भावे, एमडी एवं सीईओ, आईएफसीआई लिमिटेड; श्री अतुल सक्सेना, एमडी एवं सीईओ, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड; और श्री प्रभात कुमार दुबे, एमडी एवं सीईओ, स्टॉकहोल्डिंग सर्विसेज लिमिटेड भी उपस्थित थे। स्टॉकफिन 2.0 एक नई पीढ़ी का निवेश ऐप है, जिसे भारत भर के निवेशकों को सरल, सुरक्षित और सहज निवेश अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## उत्तर रेलवे, आईआरएफसी व एनबीसीसी ने हाथ मिलाया



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल बुनियादी ढांचे के मानकों को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज उत्तर रेलवे खेल संघ (एनआरएसए), भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) और एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर समारोह शाम 4:30 बजे महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ, जो 6 करोड़ से अधिक मूल्य की इस उच्च-प्रभाव वाली परियोजना की शुरुआत का प्रतीक है। यह साझेदारी राजधानी में एथलेटिक उत्कृष्टता के ऐतिहासिक केंद्र, प्रतिष्ठित करनैल सिंह स्टेडियम को आधुनिक बनाने पर केंद्रित है। इस एमओयू के तहत मुख्य सुधारों में शामिल हैं: प्रोफेशनल फ्लडलॉट्स की स्थापना: स्टेडियम में रात के समय प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी मैचों के आयोजन को सक्षम बनाना। क्लाइमेट-कंट्रोल बैडमिंटन हॉल: बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए साल भर उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षण की स्थिति सुनिश्चित करने हेतु पूरी सुविधा को वातानुकूलित करना। समारोह में अशोक कुमार वर्मा, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, मनोज कुमार दुबे, सीएमडी एवं सीईओ, आईआरएफसी, सुनील कुमार पांडे, सीईओ, एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड, राजीव कुमार, अध्यक्ष, एनआरएसए ने शिरकत की। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और प्रसिद्ध कोच जयदेव बिष्ट सहित प्रतिष्ठित खेल हस्तियों के साथ-साथ आईआरएफसी, एनबीसीसी और एनआरएसए के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मोबाइल, चिप सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त बने हुए

# वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत का आकर्षण बना रहेगाः आइसीईए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मोबाइल उद्योग के निकाय आइसीईए ने मंगलवार को कहा कि भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर तय की गई 18 प्रतिशत की शुल्क दर एक वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में भारत के आकर्षण को बनाए रखेगी।

भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय सामानों पर जवाबी शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा।

आइसीईए के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने एक बयान में कहा, ''यह भारत के लिए एक सकारात्मक परिणाम है। इस शुल्क दर के साथ भारत प्रमुख विनिर्माण प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है और एक वैश्विक विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र के रूप में अपना आकर्षण बरकरार रखे हुए है।''

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि हम सौदे के विस्तृत विवरण का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यह दिशा स्पष्ट रूप से विनिर्माण को बढ़ाने और अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स में गहराई से जुड़ने की भारत की रणनीति का समर्थन करती है।



### भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 19 फीसदी बढ़ा

सूत्रों के अनुसार मोबाइल फोन और सेमीकंडक्टर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शुल्क से मुक्त बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 11.3 लाख करोड़ रुपये हो गया और निर्यात 37.5 प्रतिशत बढ़कर 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा।


## टेस्ला की भारत में बिक्री बढ़ाने ईएमआई की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी। वाहन डीलरों के निकाय फाडा की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, टेस्ला ने पिछले वर्ष भारत में 225 इकाइयों की बिक्री की।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल


**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।


**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।


**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।



**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।


**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### विश्व कैंसर दिवस

## जीसीआरआई भारत का भरोसेमंद कैंसर उपचार केंद्र बनकर उभरा

**गांधीनगर।** गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट , अहमदाबाद ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह न केवल गुजरात का प्रमुख कैंसर संस्थान है, बल्कि कैंसर उपचार, अनुसंधान, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान के क्षेत्र में एक प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी विकसित हो चुका है। जीसीआरआई के सुदृढ़ीकरण और विस्तार की नींव वर्षों पहले पड़ी थी, जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य की स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया था। उसी निरंतर नीति दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए, मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में यह संस्थान अब कैंसर उपचार के लिए एक विश्वसनीय राष्ट्रीय रेफरल केंद्र बनकर उभरा है।विश्व कैंसर दिवस 2026 के अवसर पर जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जीसीआरआई में 26,810 से अधिक नए कैंसर मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें से 9,140 से अधिक मरीज भारत के विभिन्न अन्य राज्यों से आए।

## आरबीआई की तीन दिन की मौद्रिक समीक्षा बैठक आज से

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक बुधवार से शुरू होगी। यह बैठक उस समय हो रही है जब अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित केंद्रीय बजट पेश किया गया है, महंगाई कम है और हाल ही में लंबे समय से प्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से बाहरी अस्थिरता समाप्त हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती कर चुका है और फिलहाल न तो वृद्धि और न ही महंगाई को लेकर कोई बड़ी चिंता है, ऐसे में ब्याज दरों में स्थिरता बनाए रखी जा सकती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि ऋण को और सस्ता करने के लिए एक और दर कटौती संभव है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, /"एमपीसी के रेपो दर पर कायम रहने की संभावना है और यह दर-कटौती चक्र का अंत भी हो सकता है।/" इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि एजेंसी के अनुसार इस समय विराम उचित हैताकि जनवरी, 2026 की खुदरा महंगाई (सीपीआई) और वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त 2025-26 तक के जीडीपी आंकड़ों का आकलन किया जा सके।




**उत्तर रेलवे**


**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | S&T वर्क इन कनेक्शन विद अपग्रेडेशन ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एट ई.एम.यू. कार शेड गाजियाबाद पोस्ट मर्जर ऑफ शेड्स डिपार्चर लाइन इंटू 4th मैन लाइन बिटवीन दादरी एंड चिपयाना बुजुर्ग। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 96,13,894.54/- |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 1,92,300.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 03.02.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 24.02.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1471 दिनांकः 03.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 374/26

## शब्द पहेली - 6128



**बाएँ से दाए**

1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

**शब्द पहेली- 6127 का हल**





# अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनलः आज दोपहर 1 बजे से भारत और अफगानिस्तान में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

### भारत का अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।



### टीमें इस प्रकार

- भारत अंडर-19: आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।
- अफगानिस्तान अंडर-19: महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

### अच्छी फॉर्म में वैभव

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

## खबर संक्षेप



### पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार इटली

**बेंगलुरु।** वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे, जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं।

### विराज ने यूरोप 290 फिडे रेटिंग अंक हासिल कर बटोरी सुर्खियां

**मुंबई।** असम के 11 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी विराज सरावगी ने इटली और जर्मनी में फिडे रेटिंग वाले दो टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 290 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। ये टूर्नामेंट 23 जनवरी को शुरू होकर दो फरवरी को संपन्न हुए। गुवाहाटी के विराज ने 'इटालियन इंटरनेशनल ओपन' में हिस्सा लिया, जिसमें करीब 100 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 1700 से अधिक रेटिंग वाले कई खिलाड़ियों को हराकर अपना अभियान 3.5 अंक के साथ खत्म किया। इसमें उनकी रेटिंग में 122 अंकों की बढ़ोतरी हुई।

### सहजा यमलापल्ली और माया राजेश्वरन मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए से बाहर

**मुंबई।** सहजा यमलापल्ली, माया राजेश्वरन रेवती, श्रीवल्ली भामिदिपति और वैष्णवी अदकर जैसी भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को यहां मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के महिला एकल के अंतिम 32 दौर के मुकाबलों में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत की नंबर एक महिला एकल खिलाड़ी सहजा को जापान की एरी शिमिजु ने एक घंटे 50 मिनट चले मुकाबले में 7-5, 6-2 से हराया। श्रीवल्ली पर क्रिस्टियाना सिडोरोवा ने सधी हुई रणनीति के साथ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

### अभ्यास मैचः जिम्बाब्वे व ओमान और नेपाल जीते

**कोलंबो/चेन्नई।** जिम्बाब्वे ने रेयान बर्ल के अर्धशतक और तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा के तीन विकेट की बदौलत मंगलवार को यहां प्रेमदासा स्टेडियम में अपने पहले अभ्यास मैच में नीदरलैंड को 29 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने नौ विकेट पर 178 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। नीदरलैंड की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 149 रन ही बना पाई। नेपाल ने दीपेन्द्र सिंह ऐरी (31 गेंद में नाबाद 50 रन) और आरिफ शेख (37 गेंद में नाबाद 61 रन) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 103 रन की अटूट साझेदारी से चेपक स्टेडियम में यूएई को सात विकेट से हरा दिया। कोलंबो कोल्ट्स क्लब मैदान पर एक अन्य मैच में ओमान ने श्रीलंका ए को दो ओवर शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए ने नौ विकेट पर 145 रन बनाए।

### विदेशी टीमों में भारतीय मूल के 3 दर्जन से अधिक क्रिकेटर

# जसप्रीत से लेकर दिलप्रीत तक, टी-20 विश्वकप में विदेशी टीमों के लिए खेलेंगे भारतीय मूल के प्लेयर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में कई टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की भरमार है, जो 7 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विदेशी टीमों में भारतीय मूल के तीन दर्जन से भी अधिक क्रिकेटर हैं, जिनमें कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे खिलाड़ी के लिए वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलना एक यादगार पल होगा। जिस देश में उन्होंने जन्म लिया वह उसकी तरफ से तो नहीं खेल पाए लेकिन अपने बचपन की इस धरती पर वापसी के लिए भावुक हैं। फगवाड़ा में जन्मे इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह भी उस देश में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेलने के लिए बेताब हैं, जिसे उन्होंने किशोरावस्था में ही छोड़ दिया था। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त का जन्म भारत में नहीं हुआ, लेकिन वह भी अपने मूल देश में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

### कनाडा टीम में भारतीय मूल के सबसे अधिक खिलाड़ी

आईसीसी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 20 टीमों में कनाडा (11) की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। उसके बाद अमेरिका (09), ओमान (07) और यूएई (07) का नंबर आता है। मेजबान भारत अपनी घरेलू धरती पर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा लेकिन कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' देखने को मिलेगा।





### कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा

गुरदासपुर में जन्में बाजवा 2020 में ही कनाडा गए थे और छह साल बाद वह कनाडा की टीम के कप्तान के रूप में भारत आए हैं। पंजाब में आयु वर्ग की क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बावजूद बाजवा को वह अवसर नहीं मिले जिनकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने हालांकि निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और कम प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी क्रिकेट यात्रा जारी रखी। कनाडा ग्लोबल टी20 लीग में मिली सफलता से उन्होंने कनाडा की टीम में जगह बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### नीदरलैंड टीम में आर्यन दत्त

आर्यन दत्त को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने का अनुभव है। नीदरलैंड की टीम में भारतीय मूल के एकमात्र क्रिकेटर 22 वर्षीय आर्यन दत्त का लक्ष्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके शीर्ष टीमों को हैरान करना है। दत्त का परिवार 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड चला गया था। भारत में अब भी उनके परिवार के कुछ सदस्य रहते हैं।

### भारतीय मूल के क्रिकेटर जो छोड़ सकते हैं प्रभाव

अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया था। नेत्रवलकर भारत की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं।

### अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल


मोनांक पटेलः भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे, जिन्होंने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्धशतक लगाकर अपनी छाप छोड़ी थी। यह 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुजरात अंडर-19 टीम के अपने पूर्व साथी जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए उत्सुक है। वह मैदान के बाहर अपने बचपन के दिनों को याद कर रहे हैं। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक बन गए हैं और मोनांक को किशोरावस्था में ही इसका पता चल गया था।

### फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह

फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह पर भी लोगों की निगाहें टकी रहेंगी। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी 2006 में अपने परिवार के साथ इटली के मिलान चला गया था। उन्होंने इटली में टेप-बॉल क्रिकेट से अपने करियर की शुरुआत की और 2016-17 में लाल गेंद की क्रिकेट में कदम रखा और फिर 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। आईसीसी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलना उस तेज गेंदबाज के लिए सपने जैसा है, जो कुछ समय पहले तक आजीविका के लिए उबर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## डब्ल्यूटीए रैंकिंग


### शीर्ष पर सबालेंका, तीसरे स्थान पर पहुंचे जोकोविच



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

## अल हिलाल से जुड़े फ्रांस के दिग्गज बेंजेमा, रोनाल्डो के खिताब पर ग्रहण



एजेंसी ▶▶| रियाद


फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है। पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं। पिछले साल अल हिलाल ने क्लब विश्व कप में मैनचेस्टर सिटी को 4-3 से हराकर सभी को चौंका दिया था।

## गुजरात को 7 विकेट से हराकर दिल्ली चौथी बार फाइनल में

भाषा ▶▶| वडोदरा

शिनेल हेनरी (35 रन पर तीन विकेट) और नंदिनी शर्मा (44 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को यहां गुजरात जायंट्स को 26 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल का टिकट कटाया। कैपिटल्स के सामने बृहस्पतिवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी। जायंट्स को सात विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 और लौरा वोल्वार्डट ने 24 नाबाद 32 रन का योगदान दिया। ली और शेफाली ने पहले विकेट के



लिए 43 गेंद में 89 रन की आक्रामक साझेदारी के साथ मैच का रुख तय किया तो वहीं वोल्वार्डट और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत को जाया नहीं होने दिया। जायंट्स के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रन की शानदार पारी के दम पर जायंट्स ने सात विकेट 168 रन बनाये।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे गुकेश, स्टार खिलाड़ी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से 5 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे।



### मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा

*गुकेश ने कहा, ' मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।' गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की, जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी।*

### भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि

# भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

### दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन



एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, ' हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

### तिथियों की घोषणा जल्द

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।' सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा।




## खबर संक्षेप

### फ्रांस में एक्स के दफ्तर पर छापा, जांच शुरू

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सरकारी अभियोजकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के दफ्तरों में छापामारी की।



यह कार्रवाई एक प्रारंभिक जांच के तहत की गई है, जिसमें कई गंभीर अपराधों के आरोपों की जांच की जा रही है। मामले की जांच साइबर अपराध इकाई द्वारा पिछले साल जनवरी में शुरू की गई थी। जांच में यह देखा जा रहा है कि क्या एक्स ने नाबालिगों से जुड़े अश्लील कंटेंट के प्रसार में किसी तरह की भूमिका निभाई है।

### अटल टनल में गिरा एवलांच, नुकसान नहीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिला में मंगलवार दोपहर के वक्त दो जगह एवलांच गिरे। अटल टनल के साउथ पोर्टल पर एवलांच में आधी गाड़ी दब गई।



गनीमत यह रही कि एवलांच गिरते ही ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहा। इससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। बीआरओ के कर्मचारी बर्फ में दबी गाड़ी को काफी देर की मशक्कत के बाद निकाला। किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला में एवलांज गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

## मिसाइल तकनीक में भारत की बड़ी छलांग

# 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा देश, दुश्मन भी नहीं पकड़ सकेगा

*अमेरिका और भारत के बीच हुए समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा*

मैक-7 की हाइपरसोनिक गति से चलेगी स्वदेशी हाइपरसोनिक तकनीक पर | पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. शिवथनु पिल्लै ने कहा कि भारत तेजी से रक्षा और आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह देश में बनी (स्वदेशी) हाइपरसोनिक तकनीक और तेजी से बढ़ता अंतरिक्ष क्षेत्र है।

डॉ. पिल्लै ने बताया कि भारत अब सामान्य मिसाइल तकनीक से आगे बढ़कर 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी ब्रह्मोस मिसाइल की गति मैक-3 है, लेकिन लक्ष्य इसे मैक-7 जैसी हाइपरसोनिक गति तक ले जाना है। उन्होंने समझाया कि गति जितनी ज्यादा होगी, मिसाइल की ताकत उतनी ही ज्यादा होगी। इतनी तेज मिसाइल को दुश्मन का रक्षा तंत्र पकड़ नहीं पाएगा। डॉ. पिल्लै ने कहा कि वे 40 साल तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ जुड़े रहे और आज भी भारत उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है।

### दुनिया के शीर्ष देशों में भारत शामिल



डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत ने पहले ही 1,000 सेकंड तक हाइपरसोनिक तकनीक का सफल परीक्षण कर लिया है, जिससे वह



दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल देने के बाद कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस की सफलता के बाद इसकी मांग और बढ़ी है। डॉ. पिल्लै ने यह साफ किया कि भारतीय सेना को जो ब्रह्मोस दी जाती है, वह निर्यात की जाने वाली मिसाइलों से ज्यादा उन्नत होती है। उन्होंने सरकार द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर बढ़ाए गए खर्च और एएमसीए जैसे स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट की भी तारीफ की।

### 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप

उन्होंने बताया कि भारत में अब करीब 400 अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं, जैसे अग्निकुल और स्काईरूट। ये इसरो के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उसके सहयोगी हैं और सैटेलाइट व रॉकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

### भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। गगनयान मिशन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले बिना इंसान वाले मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें एक रोबोट लड़की होगी, जिससे अंतरिक्ष से वापसी और सुरक्षा की जांच की जाएगी। उसके बाद प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

### डीआरडीओ और रूस ब्रह्मोस के नए वर्जन को माडर्न बना रहे

भारत-रूस लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक ब्रह्मोस पर काम करना शुरू कर दिया है। इस संयुक्त परियोजना के तहत भारत की डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया



ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे हैं। इसमें पहले मौजूद ब्रह्मोस का अपग्रेडेशन के साथ नई मिसाइलों को विकसित करने की योजना है। एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने कहा कि भारत और रूस मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल को लगातार बेहतर बना रहे हैं और साथ ही हाइपरसोनिक तकनीक पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस परियोजना के तहत छोटे आकार की मिसाइलों और अगली पीढ़ी की तकनीकों पर भी रिसर्च जारी है। ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसमें आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हैं। इसे पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट की मेटा को कड़ी फटकार

# संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत को छोड़ दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर मेटा (मेटा) को सख्त चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी कंपनियां भारत में रहकर नागरिकों के निजता अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। अदालत ने यहां तक कह दिया कि अगर कंपनियां संविधान का पालन नहीं कर सकतीं, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए।

अदालत मेटा और वाट्सएप की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा 2021 की वाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी पर लगाए गए 213.14 करोड़ रुपए के जुर्माने को बरकरार रखा गया था।



### आम जनता की समझ से परे पॉलिसी

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वाट्सएप के बाजार में दबदबे के कारण यूजर्स के पास सीमित विकल्प हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या आम लोग कंपनी की जटिल प्राइवेसी पॉलिसी को समझ सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि यूजर्स की सहमति तभी मान्य होगी, जब वह स्पष्ट और समझने योग्य हो। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूजर्स का डेटा केवल संग्रहित ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उसका व्यावसायिक उपयोग भी किया जा रहा है। अदालत ने यह भी पूछा कि वाट्सएप किस तरह यूजर डेटा का इस्तेमाल टारगेटेड विज्ञापन के लिए करता है।

### 9 फरवरी को आएगा अंतरिम आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी इस याचिका में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कंपनियों को चेतावनी दी है कि या तो वे डेटा शेयर न करने का लिखित आश्वासन दें, वरना अदालत को आदेश पारित करना होगा। बेंच ने कहा कि इस मामले में 9 फरवरी को अंतरिम आदेश पारित किया जाएगा। कंपनियों की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और अखिल सिब्बल ने कहा कि वाट्सएप मैसेज एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन से सुरक्षित होते हैं और कंपनी उन्हें पढ़ नहीं सकती। साथ ही बताया गया कि जुर्माने की राशि पहले ही जमा कर दी गई है। मेटा ने डेटा उपयोग से जुड़े पहलुओं को स्पष्ट करने के लिए हलफनामा दाखिल करने पर सहमति जताई है। कोर्ट ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई अगले सप्ताह तक टाल दी।

## एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के लिए संचालित एक विमान में स्विच के खराब होने की घटना के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं। सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि एयरलाइन ने विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है।



उप्पल ने कहा कि एक बी787 विमान पर फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी खराबी का पता चलने के बाद एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है। उन्होंने मंगलवार को एक ईमेल में कहा कि इस बीच जब तक हम बोइंग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने अत्यधिक सावधानी बरतते हुए सामान्य संचालन को सत्यापित करने के लिए विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती तौर पर फिर से जांच शुरू की है।

## उधमपुर में आतंकी मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा, सर्च जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मजलता इलाके में सुरक्षा बलों और जैश के आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना को 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया है। सुरक्षा बल आतंकियों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, चिगला बलोता क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया।



पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है और सर्च ऑपरेशन अब भी जारी है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए लिखा कि एक इंटेलिजेंस आधारित जॉइंट ऑपरेशन में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने मंगलवार शाम करीब 4 बजे बसंतगढ़ के सामान्य इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया है।

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को बड़ी सफलता

# पालघर में माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू, दो सुरंगों का उत्खनन पूरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की माउंटेन टनल-6 का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस उपलब्धि का अवलोकन किया। यह सुरंग महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहाणू रोड क्षेत्र में स्थित है। महाराष्ट्र में प्रस्तावित सात पर्वतीय सुरंगों में से पहली माउंटेन टनल का ब्रेकथ्रू पूरा हो गया है। वहीं आठ में से दो सुरंगों का उत्खनन कार्य भी समाप्त हो चुका है। बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबी सुरंग में 5 किमी एनएटीएम टनल का उत्खनन पूरा कर लिया गया है।

### 508 किमी लंबा है हाई-स्पीड कॉरिडोर


पालघर में माउंटेन टनल-6

इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किमी है, जो महाराष्ट्र और गुजरात के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कुल 508 किमी रूट में से 334 किमी वायाडक्ट और 417 किमी पियर्स का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा 17 नदी पुल, 5 पीएससी पुल और 13 स्टील पुल भी बनकर तैयार हो गए हैं।

### 4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए

247 किमी लंबे रूट पर 4.9 लाख से अधिक नॉइज बैरियर्स लगाए जा चुके हैं। ट्रैक निर्माण की बात करें तो 308 ट्रैक किमी, यानी 154 रूट किमी आरसी ट्रैक बेड तैयार किया जा चुका है। मुख्य मार्ग पर लगभग 125 रूट किमी क्षेत्र में 5,400 से ज्यादा ओवरहेड इलेक्ट्रिक मास्ट लगाए जा चुके हैं, जिससे इलेक्ट्रिफिकेशन का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## भारत-भूटान सहयोग को मजबूती

# 1200 मेगावाट बिजली परियोजना शुरू होगी, कमर्शियल यूज पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान ने बिजली क्षेत्र में अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री जेम त्शेरिंग ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर इस दिशा में विस्तृत चर्चा की।

बैठक में पुनात्सांगछू-2 जलविद्युत परियोजना (1020 मेगावाट) से बिजली उत्पादन के व्यावसायिक उपयोग पर विचार किया गया। इसके साथ ही पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना (1200 मेगावाट) को जल्द शुरू करने पर भी जोर दिया गया।



सांकोश जलविद्युत परियोजना के भविष्य की रूपरेखा पर भी बात हुई। इसके अलावा, वर्ष 2040 तक ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर की योजना पर दोनों देशों के बीच विस्तृत परामर्श जारी रहने पर सहमति बनी।

भूटान में कम जल प्रवाह वाले महीनों के दौरान बिजली शेड्यूलिंग की मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत पर भी चर्चा हुई।

## दुनिया के सबसे बड़े हनीट्रैप को लेकर अब एक और दावा


# एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार लिया गया पुतिन का नाम

रूस से लड़कियों की तस्करी का 'हनीट्रैप' संदेह | पुतिन के साथ बैठकों और रूसी वीजा पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी के जेफरी एपस्टीन मामले में बड़ा नाम सामने आया है। एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के ताजा रिलीज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जोड़ने वाले हजारों मैसेज मिले हैं। इन मैसेजों के जरिए एक नई थ्योरी सामने आई है कि एपस्टीन असल में काम किसके लिए करता था? इन जारी ईमेल्स से पता चलता है कि कुछ अनजान सोर्स एपस्टीन और रूसी राष्ट्रपति के बीच मीटिंग्स के बारे में बात कर रहे थे। शुक्रवार को जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स में पुतिन का नाम लगभग 1,000 बार आया है, जबकि मॉस्को का जिक्र लगभग 10,000 बार किया गया है।

### पुतिन से मीटिंग का जिक्र


जेफरी एपस्टीन

मई 2013 में, एपस्टीन ने काउंसिल ऑफ यूरोप के सेक्रेटरी जनरल थोरबजोर्न जगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि वह पुतिन और रूस को फाइनेंशियल सिस्टम को फिर से बनाने में मदद करना चाहता है। उसी महीने, इजराइल के पूर्व पीएम एहूद बराक को एक ईमेल में, एपस्टीन ने दावा किया कि पुतिन ने उनसे मिलने की कोशिश की थी, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। साल 2018 में, एपस्टीन ने राष्ट्रपति ट्रंप के तत्कालीन व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ, स्टीव बैनन को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और जैगलैंड के बीच होने वाली एक मीटिंग के बारे में ईमेल किया था। इसके कुछ ही समय बाद, एपस्टीन ने जैगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि लावरोव मुझसे बात करके जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर हमला

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है।


रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109